राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

सूर्योदय भास्कर

CBC Newspaper Code : 134575

RNI Regn, No. : UPHIN/2023/84452

उजाला सच का

WEB SITE : SURYODAY BHASKAR.IN | E-mail : suryodyabhaskar2@gmail.com | PHONE : 7007784396

लखनऊ | गुरुवार 29 अक्टूबर 2026 | बर्ष : 03 अंक : 206 पृष्ठ : 08 | मूल्य : 01 रुपया

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ से प्रकाशित

सार संक्षेप

हरदीप सिंह पुरी फिर जाएंगे राज्यसभा

नई दिल्ली। भाजपा ने बुधवार को मध्य प्रदेश में होने वाले राज्यसभा उपचुनाव के लिए केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी को पार्टी का उम्मीदवार घोषित किया। पार्टी ने बयान में कहा कि भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने उपचुनाव के लिए पुरी के नाम को मंजूरी दे दी है। उपचुनाव में मध्य प्रदेश विधानसभा के विधायक राज्यसभा सदस्य का चुनाव करेंगे।

जयशंकर ने ऑस्ट्रिया समकक्ष से की चर्चा

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने नई दिल्ली में अपनी ऑस्ट्रियाई समकक्ष बीएटे माइनल-राइजिंगर के साथ बैठक की। दोनों ने भारत-ऑस्ट्रिया साझेदारी के विभिन्न पहलुओं, व्यापार, निवेश, बुनियादी ढांचा, प्रौद्योगिकी, शिक्षा और संस्कृति शामिल हैं, पर चर्चा की।

भारतीय पायलट मच्छार को यूएई का सम्मान

अबू धाबी। फ्लाईदुबई फ्लाइट को हाइजैक होने से बचाने के लिए लिए जान की बाजी लगाने को तैयार भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार को संयुक्त अरब अमीरात ने सर्वोच्च सम्मान से नवाजा है। राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने विमान के अन्य चालक दल सदस्यों को प्रथम श्रेणी के 'ऑर्डर ऑफ जायद द्वितीय' से सम्मानित किया है। दुबई के क्राउन प्रिंस शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम ने चालक दल को सम्मान प्रदान किया।

स्पेन में भीषण रेल हादसा, 68 की मौत

मैड्रिड। स्पेन के टोलेडो प्रांत में बुधवार को दो हाई-स्पीड ट्रेनों के बीच हुई जोरदार टक्कर में कम से कम 68 लोगों की मौत की खबर है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, हादसे में रेनफे एवीई व निजी कंपनी इर्यो की ट्रेन शामिल थीं। मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय समयानुसार सुबह 8:54 बजे उर्दा रेलवे स्टेशन के पास हुई भीषण टक्कर के बाद आपातकालीन सेवाओं को मौके पर बुलाया गया।

बृजभूषण को जवाब दाखिल करने को अतिरिक्त समय

नई दिल्ली। महिला पहलवानों की ओर से बरी किए जाने के फैसले को चुनौती देने वाली अपील पर राउज एवेन्यू अदालत ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह को जवाब दाखिल करने के लिए अतिरिक्त समय दिया है। इस मामले में तत्कालीन महासंघ सचिव विनोद तोमर को भी बरी किया गया था। विशेष न्यायाधीश डिग विनय सिंह की अदालत में सिंह के अधिवक्ताओं ने दलील दी कि उन्हें अपील की प्रति देर से मिली, इसलिए जवाब दाखिल करने के लिए और समय दिया जाए। राउज एवेन्यू अदालत ने अनुरोध स्वीकार कर लिया।

एमएलसी चुनाव में भाजपा को झटका

वाराणसी, लखनऊ, आगरा में सपा का कब्जा, गोरखपुर में मुश्किल से जीती भाजपा

नई दिल्ली, । उत्तर प्रदेश में विधान परिषद की 11 सीटों पर हुए चुनाव में भाजपा को झटका लगा। लखनऊ शिक्षक खंड में भाजपा के उमेश द्विवेदी लगातार तीसरी बार जीते गए हैं। यहां पर नंबर दो सपा के सुशील कुमार रहे। वाराणसी में सपा प्रत्याशी ने जीत दर्ज की है, मेरठ में दोनों सीटों पर कमल खिला है। आगरा में भी सपा प्रत्याशी ने जीत दर्ज की है। उत्तर प्रदेश की झांसी-इलाहाबाद सीट पर भी सपा ने जीत दर्ज कर की। गोरखपुर में अपनी लाज बचाते हुए मुश्किल से भाजपा ने जीत दर्ज की है। बरेली में भाजपा का परचम रहा। मतगणना प्रक्रिया को लेकर भाजपा और सपा ने एक-दूसरे पर आरोप भी लगाए। हालांकि कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली। गोरखपुर-फैजाबाद खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) चुनाव की मतगणना में दूसरी वरीयता के मतों की मतगणना के बाद भाजपा प्रत्याशी व एमएलसी ध्रुव कुमार त्रिपाठी 307 वोट से चुनाव जीत गए हैं। निर्दल प्रत्याशी राजीव यादव कड़ी टक्कर के बाद भी पीछे रह गए। वहीं सपा के डॉ. संजयन त्रिपाठी तीसरे स्थान पर रहे। प्रधानमंत्री मोदी के ट्वीट पर आप कहते हैं कि अगर चुनाव बैलेट पेपर से भी होते, तब भी कांग्रेस नहीं जीत पाती। उत्तराखंड, पंजाब और उत्तर प्रदेश के आगामी चुनाव बैलेट पेपर से ही कराए जाने चाहिए। आज ही घोषणा कर दीजिए कि लोकसभा और इन राज्यों के अगले चुनाव बैलेट पेपर से ही होंगे। एमएलसी चुनाव नतीजों को लेकर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने एक्स पर लिखा, 'वाराणसी में एमएलसी चुनाव में हार से हताश भाजपा की हालत खराब है। लखनऊ वाले दिल्ली वालों का फोन नहीं उठा रहे हैं। सच तो यह है कि भाजपा यूपी एमएलसी चुनाव में ऑल आउट हो गई है।' साथ ही लिखा, 'वाराणसी में मतगणना रोक देने के पीछे रिजल्ट बदलने की पुरानी भाजपाई चाल चली जा रही है। सुना है हार के डर से कोई इधर-उधर की चहलकदमी कर रहा है।

वहीं महाराष्ट्र में विधान परिषद की पांच सीटों के लिए महायुति और महा विकास अघाड़ी के उम्मीदवार मैदान में थे। कुल 182 उम्मीदवारों ने चुनाव लड़ा। इन सीटों में तीन स्नातक और दो शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र शामिल थे।



मतगणना प्रक्रिया को लेकर भाजपा-सपा ने एक-दूसरे पर लगाए आरोप

बिहार में राजद-जन सुराज को एक-एक सीट, दो पर निर्दलीय जीते

पटना। बिहार विधान परिषद की आठ सीटों के चुनाव परिणाम में राजग ने चार सीटों पर जीत दर्ज की है और इस लड़ाई में भाजपा और जदयू के गठबंधन को चार सीटें मिलीं, जबकि राजद और जन सुराज पार्टी ने एक-एक सीट पर जीत हासिल की है तथा वहीं दो सीटों पर निर्दलीय प्रत्याशियों ने बाजी मारी है।

कर्नाटक में एनडीए ने चारों सीटें जीती

बेंगलुरु। कर्नाटक में भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने विधान परिषद की चारों सीटें जीत लीं। इनमें भाजपा के तीन और जनता दल (सेक्युलर) के एक उम्मीदवार को मैदान में उतारा गया था। गठबंधन के उम्मीदवार एपी रंगनाथ ने बंगलूरू शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में मौजूदा एमएलसी पुट्टन्ना को हराया। कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि आप शायद पहले ऐसे प्रधानमंत्री हैं जो एमएलसी के सीमित चुनावों पर बात कर रहे हैं। हम आपकी समस्या और बेचैनी को समझ सकते हैं। यहां चुनाव बैलेट पेपर से ही तो हुए थे, है ना।

> 2027 के विधानसभा चुनाव में शिक्षक भाजपा को हराकर अपना 'गुरु संकल्प' पूरा करेंगे। भ्रष्ट भाजपा नेताओं, उनके सहयोगियों और कथित रूप से संलिप्त अधिकारियों ने एमएलसी चुनाव जीतने के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाए : **अखिलेश यादव**



> राजद ने भाजपा के 30 साल पुराने किले में सेंध लगाई है। जिन तीन सीटों पर राजद के प्रत्याशी नहीं जीत रहे थे, उनके परिणाम शाम छह बजे तक घोषित कर दिए गए, जबकि पार्टी के विजयी प्रत्याशी को देर रात तक प्रमाण-पत्र नहीं दिया गया : **तेजस्वी यादव**



> लोकतंत्र में हमें जनता के फैसले का सम्मान करना चाहिए और उनके जनादेश को स्वीकार करना चाहिए। हर चुनाव एक चेतावनी की तरह होता है हालांकि, मुझे नहीं लगता कि यह नतीजे मोदी सरकार के कामकाज को दिखाते हैं : **प्रियांक खरगे**



प्रदेश में सरकारी नौकरी सत्यापन के बदले गए नियम

इन आरोपों में लिप्त पाए जाने पर चली जाएगी जॉब



लखनऊ : नकल माफिया, प्रश्न-पत्र लीक करने वाले, सॉल्वर गैंग, डमी अभ्यर्थी बैठाने वाले, कूट-रचित प्रमाण-पत्र बनवाने वाले, डिजिटल अरेस्ट या यूपीआई ठगी जैसे साइबर अपराधों में शामिल लोग सेवा के लिए पूरी तरह अपात्र होंगे।

प्रदेश सरकार ने राज्य के विभिन्न विभागों, निगमों, परिषदों और स्थानीय निकायों में सीधी भर्ती के तहत चयनित होने वाले अभ्यर्थियों की प्रथम नियुक्ति से पूर्व उनके चरित्र सत्यापन को लेकर एक नई नीति जारी कर दी है। नई नीति के तहत हत्या, डकैती, बलात्कार, लज्जा भंग, भ्रष्टाचार, आतंकवादी कृत्य, पेपर लीक, और सॉल्वर गैंग आदि से जुड़े मामलों में लिप्त पाए जाने वाले अभ्यर्थियों के लिए सरकारी नौकरी के दरवाजे पूरी तरह बंद कर दिए गए हैं।

प्रमुख सचिव एम. देवराज की ओर से केंद्रीय नीति के तहत यह शासनादेश जारी किया गया है, जिसमें पुरानी व्यवस्थाओं को बदलते हुए पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी, समयबद्ध और सख्त बनाया गया है। नई नीति के तहत 30 दिनों के भीतर सत्यापन प्रक्रिया पूरी करनी होगी। जिला पुलिस और स्थानीय अभिसूचना इकाई (एलआईयू) को सत्यापन रिपोर्ट प्राप्ति के 30 दिन के भीतर नियुक्ति प्राधिकारी को उपलब्ध करानी होगी। समयासीमा में रिपोर्ट न मिलने पर शासन का गृह विभाग इसकी सुध लेगा।

नई नीति के तहत कुछ खास श्रेणियों के अपराधों में लिप्त पाए जाने पर अभ्यर्थी सीधे तौर पर नौकरी के लिए अयोग्य घोषित कर दिए जाएंगे। हत्या, बलवा, देशद्रोह, फिरौती के लिए अपहरण, बलात्कार, दहेज हत्या और पॉक्सो अधिनियम से जुड़े मामलों में आरोप तय होने या दोषसिद्धि पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। नकल माफिया, प्रश्न-पत्र लीक करने वाले, सॉल्वर गैंग, डमी अभ्यर्थी बैठाने वाले, कूट-रचित प्रमाण-पत्र बनवाने वाले, डिजिटल अरेस्ट या यूपीआई ठगी जैसे साइबर अपराधों में शामिल लोग सेवा के लिए पूरी तरह अपात्र होंगे। इसके अलावा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), एनडीपीएस एक्ट (कम मात्रा को छोड़कर) और गैंगेस्टर एक्ट से जुड़े मामलों में भी यही नियम लागू होगा।

इजरायल संसदीय चुनाव में फंसा पेंच

तेल अवीव, । इजरायल में मंगलवार को हुए संसदीय चुनाव में प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की लिकुड पार्टी ने मजबूत वापसी करनी शुरू कर दी है। वोटों की गिनती शुरू हो चुकी है और नेतन्याहू गठबंधन 56 सीटों पर बढ़त बना चुकी है जबकि सरकार बनाने के लिए 61 सीटें चाहिए। आइजेनकॉट के गठबंधन को 49 सीटें मिलती दिख रही हैं। जैसे जैसे वोटों की गिनती बढ़ती जा रही है वैसे वैसे नेतन्याहू की स्थिति मजबूत होती जा रही है। इजरायल में सरकार बनाने के लिए 61 सीटें चाहिए। हालांकि अंतिम परिणाम अलग हो सकते हैं। इस चुनाव के बाद अब अरब दलों की भूमिका काफी अहम हो जाएगी। अरब पार्टियां 19 सीटों पर आगे, यह इतिहास में सबसे ज्यादा है। इजरायल में 85.6 प्रतिशत वोटों की गिनती होने के बाद नेतन्याहू के नेतृत्व वाले गठबंधन ने बढ़त बनाए रखी है। केंद्रीय चुनाव समिति ने आंशिक नतीजे जारी किए हैं, जिसमें नेतन्याहू के नेतृत्व वाले गुट को 54 सीटें मिलती दिख रही हैं।



- नेतन्याहू व आइजनकोट की 'यशार' पार्टी के बीच कड़ी टक्कर
- अरब पार्टियां 19 सीटों पर आगे, यह इतिहास में सबसे ज्यादा

आइसेनकोट का समर्थन कर सकते हैं अरब दल

इजरायल के एग्जिट पोल में अरब दलों के 19 सीटों पर जीत का अनुमान लगाया गया है। इसकी वजह से न तो बेंजामिन नेतन्याहू और न ही आइसेनकोट दोनों को बहुमत नहीं मिलता दिख रहा है। विश्लेषकों का कहना है कि अरब दल नेतन्याहू को सत्ता से बाहर करने के लिए आइसेनकोट को सपोर्ट कर सकते हैं लेकिन सवाल यह है कि क्या इजरायली नेता उनकी मदद लेंगे। उनका कहना है कि इजरायल के फिलिस्तीनी नागरिकों ने जमकर वोट किया है।

तूफान 'अर्नब' से आंध्र में तबाही


■ आंध्र प्रदेश में सबसे ज्यादा नुकसान, तीन लोगों की मौत ■ कई स्थानों पर पेड़ उखड़े, कई सड़के व मकान हुए क्षतिग्रस्त

हैदराबाद/भुवनेश्वर, । बंगाल की खाड़ी में उठा चक्रवाती तूफान 'अर्नब' ने बुधवार तड़के आंध्र प्रदेश के काकीनाडा और पुडुचेरी के यानम के बीच तट पर दस्तक दी। इसके कारण तटीय इलाकों में तेज हवाएं चलीं और भारी बारिश हुई, जिससे जनजीवन प्रभावित हुआ। चक्रवात अर्नब का सबसे ज्यादा असर आंध्र प्रदेश में देखने को मिला है। यहां तीन लोगों की मौत हो गई और 31 मकान क्षतिग्रस्त हो गए। राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। एनडीआरएफ के महानिरीक्षक (आईजी) नरेंद्र सिंह बुंडेला ने बताया कि केंद्र के साथ-साथ आंध्र प्रदेश और ओडिशा की आपदा प्रबंधन एवं बचाव टीमें अब दोनों राज्यों और आसपास के इलाकों में बारिश से निपटने की तैयारी कर रही हैं। इन क्षेत्रों में बारिश जारी रहने का अनुमान है।



उन्होंने कहा कि चक्रवात ने पुदुचेरी के यानम के पास तट को पार किया है। इसके बाद यह बेहद गंभीर चक्रवाती तूफान से कमजोर होकर गंभीर चक्रवाती तूफान में बदल गया है। अनुमान है कि इसकी तीव्रता धीरे-धीरे कम होगी और यह पहले चक्रवाती तूफान तथा फिर गहरे दबाव के क्षेत्र में बदल जाएगा। बुंडेला ने कहा कि चक्रवात अर्नब से आंध्र प्रदेश के उत्तरी हिस्से और ओडिशा के दक्षिणी हिस्से सबसे ज्यादा प्रभावित हुए हैं। शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, ओडिशा में चक्रवात का कोई बड़ा असर नहीं पड़ा है।

बंगाल में 31 अक्टूबर तक भारी बारिश का पूर्वानुमान



कोलकाता। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने चक्रवात अर्नब के प्रभाव से पश्चिम बंगाल के कुछ हिस्सों में 31 अक्टूबर तक भारी बारिश का पूर्वानुमान लगाया है। यह चक्रवात बुधवार तड़के आंध्र प्रदेश के तट पर पहुंचा था। तटीय और पश्चिमी जिलों में शुक्रवार सुबह तक भारी बारिश की संभावना है, जबकि उप-हिमालयी क्षेत्र में शनिवार सुबह तक भारी बारिश होने की आशंका है।

जम्मू-कश्मीर में बगावत की आहट से घिरी नेकां

मंत्रिमंडल विस्तार ने बढ़ाई उमर की मुश्किलें

जम्मू, । जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) की सत्ता के लिए सबसे बड़ी चुनौती फिलहाल विपक्ष नहीं, बल्कि पार्टी के भीतर पनपता असंतोष बनता जा रहा है। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला के मंत्रिमंडल विस्तार ने जहां सरकार में नए चेहरों को जगह दी, वहीं कई वरिष्ठ विधायकों की नाराजगी भी खुलकर सामने आ गई। सांसद आगा सैयद रुहुल्लाह मेहदी के साथ पहले से जारी मतभेदों ने पार्टी नेतृत्व की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। मंगलवार को चार नए मंत्रियों को शामिल कर मंत्रिमंडल की संख्या अधिकतम नौ तक पहुंचा दी गई। लेकिन इस फेरबदल का राजनीतिक लाभ लेने के बजाय पार्टी को असंतोष संभालने की चुनौती मिल गई। अनुच्छेद 370 के मुद्दे और सरकार की कार्यशैली को लेकर उनके सवाल पार्टी नेतृत्व के लिए लगातार असहज स्थिति पैदा करते रहे हैं। अब मंत्रिमंडल से बाहर रह गए नेताओं की नाराजगी यदि व्यक्तिगत शिकायत से आगे बढ़कर सामूहिक बगावत में बदलती है, तो नेकां की संगठनात्मक पकड़ कमजोर हो सकती है। विपक्ष के नेता सुनील शर्मा ने उन विधायकों को सार्वजनिक रूप से समर्थन देने की पेशकश की है जो खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे हैं।



कई वरिष्ठ विधायक नजरअंदाज किए जाने से नाराज

वरिष्ठ विधायक मुबारक गुल को मंत्री नहीं बनाए जाने पर उनके समर्थकों ने श्रीनगर स्थित पार्टी मुख्यालय में प्रदर्शन किया। दक्षिण कश्मीर के विधायक अब्दुल मजीद लार्मी ने भी नाराजगी सार्वजनिक की। गुल को पार्टी महासचिव बनाकर मनाने की कोशिश हुई, लेकिन इससे असंतोष पूरी तरह थमता नहीं दिख रहा। रुहुल्लाह का असंतोष संकट को और गंभीर बनाता है। भाजपा इस असंतोष का फायदा उठाने की कोशिश कर रही है।

कैबिनेट का फैसला: भारत बनेगा स्पोर्ट्स गुड्स मैन्युफैक्चरिंग का ग्लोबल हब, 1856 करोड़ रुपये खर्च करेगी सरकार

›› केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 2026 से 2033-34 तक के लिए 1,856.67 करोड़ रुपये की खेलो इंडिया स्पोर्ट्स गुड्स मैन्युफैक्चरिंग स्कीम को मंजूरी दी है। इस योजना का उद्देश्य देश में खेल सामग्री के घरेलू विनिर्माण, निवेश, अनुसंधान, नवाचार और निर्यात को बढ़ावा देना है।

नई दिल्ली - प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ह्याखेलो इंडिया स्पोर्ट्स गुड्स मैन्युफैक्चरिंग स्कीमह्न को मंजूरी दे दी है। वर्ष 2026 से 2033-34 तक लागू होने वाली इस योजना पर कुल 1,856.67 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। इसका उद्देश्य भारत में खेल सामग्री के विनिर्माण को बढ़ावा देना, निवेश आकर्षित करना, अनुसंधान एवं नवाचार को प्रोत्साहित करना और वैश्विक बाजार में भारतीय उत्पादों की पहुंच बढ़ाना है। केंद्रीय बजट 2026-27 में घोषित इस योजना के जरिए देश में खेल सामग्री निर्माण के लिए मजबूत औद्योगिक आधार तैयार किया जाएगा। सरकार को उम्मीद है कि इससे घरेलू उत्पादन क्षमता बढ़ेगी, आयात पर निर्भरता कम होगी और रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे।



खेल सामग्री निर्माण के लिए बनेंगे विशेष औद्योगिक क्षेत्र

योजना के तहत ह्यस्पोर्ट्स गुड्स मैन्युफैक्चरिंग जोनह्न (एसजीएमजेड) विकसित किए जाएंगे। इन क्षेत्रों में खेल सामग्री निमार्ता कंपनियों, आपूर्तिकताओं, परीक्षण केंद्रों, डिजाइन एवं प्रोटोटाइपिंग सुविधाओं और सहायक उद्यमों को एक ही स्थान पर लाने की योजना है। इन जोन को ह्याभव्यह्न योजना और राष्ट्रीय औद्योगिक गलियारा विकास निगम (एनआईसीडीसी) के औद्योगिक पार्कों के साथ जोड़कर विकसित किया जाएगा। इससे विनिर्माण प्रक्रिया अधिक प्रभावी होगी और उद्योगों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित किया जा सकेगा। सरकार का मानना है कि एकीकृत औद्योगिक ढांचे से उत्पादन क्षमता बढ़ाने, परिचालन लागत कम करने और खेल सामग्री उद्योग को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में मदद मिलेगी।

एंकर इन्वेस्टमेंट सपोर्टः घरेलू और वैश्विक निमार्ताओं, ब्रांडों तथा रिटेल चेन को खेल सामग्री निर्माण क्षेत्रों में अपनी इकाइयां स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।

टर्नओवर लिंक्ड सपोर्टः उत्पादन बढ़ाने, विनिर्माण क्षमता का विस्तार करने और उद्योग में निरंतर वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए सहायता दी जाएगी। इन उपायों से निजी निवेश को प्रोत्साहन मिलने, घरेलू स्तर पर मूल्यवर्धन बढ़ने और खेल सामग्री की पूरी आपूर्ति श्रृंखला में रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है।

एमएसएमई और मौजूदा औद्योगिक क्लस्टरों पर भी जोर

खेल सामग्री उद्योग में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए योजना में मौजूदा विनिर्माण क्लस्टरों को मजबूत करने पर भी ध्यान दिया गया है। इसके तहत पुराने क्लस्टरों के उन्नयन, साझा सुविधाओं के विकास और आवश्यक औद्योगिक बुनियादी ढांचे को बेहतर बनाने के लिए सहायता दी जाएगी। इससे छोटे निमार्ताओं को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराने और उनकी उत्पादन क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी।

अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणन के लिए 105 करोड़ रुपये

भारतीय खेल सामग्री को वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए गुणवत्ता और प्रदर्शन मानकों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए 105 करोड़ रुपये का बजट निर्धारित किया गया है। इस राशि के माध्यम से निमार्ताओं को अंतरराष्ट्रीय खेल महासंघों से प्रमाणन प्राप्त करने और प्रमाणन का नवीनीकरण कराने में सहायता दी जाएगी। इस पहल से भारतीय उत्पादों की गुणवत्ता और विश्वसनीयता बढ़ाने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक पहुंच आसान बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है।

अनुसंधान, तकनीक और नवाचार को मिलेगा प्रोत्साहन

योजना के तहत खेल उपकरणों, सामग्री विज्ञान, सुरक्षा उपकरणों और आधुनिक विनिर्माण तकनीकों के क्षेत्र में अनुसंधान को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए प्रमुख शैक्षणिक और अनुसंधान संस्थानों में ह्यसेंटर ऑफ एक्सीलेंसह्न स्थापित करने में मदद दी जाएगी। साथ ही, राष्ट्रीय अनुसंधान फाउंडेशन के साथ तालमेल बनाकर अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जाएगा। ह्यस्टार्टअप इंडियाह्न पहल के अनुरूप स्टार्टअप्स को भी सहायता मिलेगी। इससे खेल सामग्री के क्षेत्र में नई तकनीकों, उत्पादों और विनिर्माण प्रक्रियाओं के विकास, परीक्षण तथा व्यावसायीकरण को बढ़ावा दिया जा सकेगा।

उद्योग की जरूरतों के मुताबिक तैयार होंगे कुशल कर्मचारी

खेल सामग्री निर्माण क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं को देखते हुए योजना के तहत कौशल विकास पर भी जोर दिया जाएगा। इसके लिए कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय और उद्योग से जुड़े पक्षों के सहयोग से प्रशिक्षण संबंधी पहलें लागू की जाएंगी। इसका उद्देश्य उद्योग की बदलती जरूरतों के अनुरूप कुशल कार्यबल तैयार करना और विनिर्माण क्षेत्र के दीर्घकालिक विकास को गति देना है।

1,130 करोड़ रुपये से निवेश और उत्पादन को मिलेगा बढ़ावा

योजना में निवेश आकर्षित करने और घरेलू विनिर्माण क्षमता बढ़ाने के लिए कुल 1,130 करोड़ रुपये के प्रावधान वाले उपाय शामिल हैं। इसके तहत दो प्रमुख घटकों पर ध्यान दिया जाएगा।

वैश्विक बाजार में भारतीय खेल सामग्री की बढ़ेगी पहचान

योजना के तहत भारतीय खेल सामग्री को अंतरराष्ट्रीय बाजारों में स्थापित करने के लिए ब्रांडिंग, प्रचार-प्रसार और बाजार विकास संबंधी गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके लिए निर्यात संवर्धन मिशन का लाभ उठाने की भी योजना है। सरकार का लक्ष्य भारतीय उत्पादों की वैश्विक पहचान मजबूत करना, नए बाजारों तक पहुंच बनाना और खेल सामग्री के निर्यात में वृद्धि करना है।

कस्बा मे चोरी करने की नियत से घुसा,पीड़ित ने दी नामजद तहरीर

बरखेड़ा। कस्बा के वार्ड नंबर आठ निवासी साहिल पुत्र रियायत अली ने थाना पुलिस को दी तहरीर मे बताया है.कि बीते सोमवार की रात लगभग 11:30 बजे सलमान कुरैशी पुत्र नामालूम निवासी कस्बा के वार्ड पाँच को घर मे चोरी करने की नियत से घुसते देख लिया था।जब पीड़ित ने शोर मचाया तो आरोपी घर की दीवार फाद कर भाग गया।बुधवार वाले दिन के दोपहर करीब दो बजे के समय पीड़ित के छोटे भाई को अयान पुत्र रियायत अली को आरोपी सलमान कुरैशी ने गाजीपुर मोड़ पर घेर लिया और कहा तूने और तेरे भाई मेरे खिलाफ थाने मे तहरीर दी तो जान से मार दूगा।आरोपी पर पहले से ही कई अपराधिक मामले दर्ज है।

जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने जिला कारागार का किया औचक निरीक्षण।



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो
पीलीभीत। जिलाधिकारी आलोक कुमार एवं पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव ने जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कारागार में बन्दियों के किशोर बैरक, महिला व अन्य बैरकों, भोजनालय तथा अस्पताल का निरीक्षण किया। अस्पताल निरीक्षण के दौरान बंदियों से बातचीत करते हुये उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली गई और वहां उपस्थित डॉक्टर को निर्देश देते हुए कहा कि बीमार बंदियों की स्वास्थ्य सुविधाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। जिलाधिकारी ने बैरक के निरीक्षण के दौरान बंदियों से बातचीत करते हुये उनकी समस्याओं का संज्ञान लेते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को त्वरित निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने बन्दियों से भोजन की गुणवत्ता के सम्बन्ध में जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक को निर्देशित किया कि मानक के अनुरूप बंदियों को समस्त सुविधायें उपलब्ध कराई जाये। निरीक्षण के दौरान साफ सफाई की व्यवस्था देखी। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक व जेलर सहित अन्य उपस्थित रहे।

जिला उद्योग केंद्र के वरिष्ठ सहायक पांच हजार की रिश्वत लेते गिरफ्तार



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो
पीलीभीत। जिला उद्योग केंद्र का वरिष्ठ सहायक हिमांशु कुमार पांच हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ एंटी करप्शन टीम ने गिरफ्तार किया।मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के तहत वाटर प्लांट का लोन स्वीकृत कराने की एवज में मांगी थी पांच हजार की रिश्वत। ?भ्रष्टाचार निवारण संगठन (बरेली टीम) के ट्रैप प्रभारी निरीक्षक इश्तियाक वारसी के नेतृत्व में की गई कार्रवाई। ?आरोपी के खिलाफ थाना कोतवाली में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज।

भाजपा नेता अतुल गौतम ने किया विशाल भंडारे का आयोजन

महर्षि बाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में हुआ आयोजन



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो
सीतापुर । मिश्रिख विधान सभा क्षेत्र से भाजपा के कल्ली मंडल अध्यक्ष व भाजपा से संभावित प्रत्याशी अतुल कुमार गौतम ने महर्षि बाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में संदना कस्बे में प्रबुद्ध अम्बेडर रविदास मंदिर परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु ने प्रसाद ग्रहण किया । विशाल भंडारे का उद्घाटन वनगढ़ महंत संतोष दास खाकी ने किया इस अवसर पर महंत नारायण दास,प्रीतम दास, बजरंग दास, सहित सैकड़ों साधु संतों ने प्रसाद ग्रहण कर किया । साधु संतों ने अतुल गौतम को अपना आशीर्वाद प्रदान किया। और कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजन समाज में महापुरुषों की स्मृतियों याद दिलाती है।

हिन्दी दैनिक सूर्योदय भास्कर

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक,विवेक कुमार द्वारा ओम प्रिंटर्स 356/318/366, आलमनगर मानस बिहार राजाजीपुरम लखनऊ (उ.प्र.) 226017 से मुद्रित एवं 6 सी 116 वृन्दावन योजना, तेलीबाग,लखनऊ उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।

संपादक-बबीता यादव
प्रधान सम्पादक :- प्रशांत अवस्थी
उप संपादक :- अमित त्रिवेदी
समुह सम्पादक :- डी.पी. सिंह
स्थानीय संपादक :- जी.एस. तिवारी
संस्थापक :- विवेक कुमार

RNI NO. UPHIN/2023/84452

E-MAIL:– SURYODAY BHASKAR@GMAIL.COM

कार्यालय सम्पर्क-9415461452,7007784396

(पी.आर. बी. एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी)
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन होगा।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत डीडीयू मंडल में निकाली गई जागरूकता रैली



ब्यूरो सूर्योदय भास्कर
चंदौली – सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2026 के अवसर पर मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल मुख्यालय पर मंडल के अंतर्गत भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के विभिन्न ग्रुपों के सहयोग से जागरूकता रैली निकाली गई। रैली मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय से शुरू होकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन तक गई और वहां से वापस मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय पहुंचकर संपन्न हुई।
रैली के माध्यम से सार्वजनिक जीवन में ईमानदारी,पारदर्शिता और कर्तव्यों के प्रति निष्ठा बनाए रखने का संदेश दिया गया। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह की थीम ह्लसत्यनिष्ठा से समृद्धिह्व के अनुरूप रेलकर्मियों एवं यात्रियों को भ्रष्टाचार के प्रति जागरूक किया गया।
इस दौरान यात्रियों को निर्धारित किराए से अधिक राशि न देने और किसी भी प्रकार की अवैध मांग का विरोध करने के लिए जागरूक किया गया। रेल यात्रा के दौरान अनुचित रूप से अतिरिक्त राशि मांगे जाने अथवा भ्रष्टाचार से संबंधित किसी भी अनियमितता की स्थिति में रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 पर शिकायत दर्ज कराने की अपील की गई।रैली में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के विभिन्न ग्रुपों के स्काउट्स एवं गाइड्स सहित संबंधित रेलकर्मी उपस्थित रहे।

स्मृतिशेष अखिलेश सिंह गौरव पुरस्कार से सैकड़ों बच्चे सम्मानित, प्रतिभाओं को मिला सम्मान



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो
हरदोई। आई.एन.ए. मीडिया (न्यूज) एवं कमलेश्वर फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित समारोह में स्मृतिशेष अखिलेश सिंह गौरव पुरस्कार के अंतर्गत सैकड़ों बच्चों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की प्रतिभा को पहचान देना, उनका उत्साहवर्धन करना और उन्हें शिक्षा एवं जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना रहा।
समारोह में जिला उपाध्यक्ष भाजपा अलका गुप्ता, जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा अनुराधा मिश्रा, कुबेर संस्थान की अध्यक्षा एवं समाजसेवी निरमा देवी तथा ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अतुल कपूर ने बच्चों को स्मृतिशेष अखिलेश सिंह गौरव पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मान प्राप्त कर बच्चों के चेहरों पर खुशी और उत्साह देखने को मिला।
इस अवसर पर हरदोई के वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र प्रसाद पाठक को भी स्मृतिशेष अखिलेश सिंह सम्मान से सम्मानित किया गया। उन्हें यह सम्मान प्रबंधक मुकेश सिंह ने संयुक्त रूप से प्रदान किया। सीतापुर से आए वरिष्ठ पत्रकार डॉ रजनीश मिश्र व मान्यता प्राप्त पत्रकार धीरेन्द्र श्रीवास्तव को उत्कृष्ट पत्रकारिता के लिए सम्मानित किया उपस्थित लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त की। यह सम्मान पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके योगदान और अनुभव के प्रति सम्मान का प्रतीक रहा।
इस अवसर पर श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल, हरदोई के प्रबंधक मुकेश सिंह एवं प्रधानाचार्या भूमिका सिंह को भी सम्मानित किया गया। यह विद्यालय परिवार के लिए गौरवपूर्ण क्षण रहा। दोनों ने बच्चों को सम्मानित किए जाने की पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों का आत्मविश्वास बढ़ाते हैं और उन्हें अपनी प्रतिभा निखारने के लिए प्रेरित करते हैं। बच्चों को समय-समय पर प्रोत्साहन और सम्मान मिलने से उनमें आगे बढ़ने की नई ऊर्जा का संचार होता है।
कार्यक्रम का आयोजन कमलेश्वर फाउंडेशन की संस्थापक विजयलक्ष्मी सिंह के नेतृत्व में किया गया, जबकि समारोह का संचालन अमिता मिश्रा ह्ममीतूह्व ने किया। कार्यक्रम में बच्चों की प्रतिभा को सम्मान देने और उन्हें बेहतर भविष्य के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया।
स्मृतिशेष अखिलेश सिंह गौरव पुरस्कार समारोह ने बच्चों की उपलब्धियों को मंच प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा में प्रेरणादायक पहल की। इस आयोजन से बच्चों को अपनी क्षमताओं पर विश्वास रखने, निरंतर मेहनत करने और जीवन में सफलता की ओर आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली। वहीं, प्रबंधक मुकेश सिंह एवं प्रधानाचार्या भूमिका सिंह का सम्मानित होना श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल परिवार के लिए हर्ष और गौरव का विषय रहा।

दवा माफिया दानिश 50 लाख के 5.57 लाख नशीले कैप्सूल सहित गिरफ़्तार

50 लाख रुपये बताई जा रही खेप की कीमत, 43 कार्टन कैप्सूल के साथ बाइक और एप्पल मोबाइल बरामद वही सप्लाई नेटवर्क की जांच तेज



पीलीभीत। जनपद में नशीली दवाइयों के अवैध कारोबार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 5,57,760 नशीले कैप्सूल बरामद किए हैं। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। बरामद कैप्सूल 43 कार्टन में रखे हुए थे, जिनकी कीमत करीब 50 लाख रुपये आकी गई है। पुलिस ने एक मोटरसाइकिल और एप्पल कंपनी का मोबाइल फोन भी कब्जे में लिया है।
पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मादक पदार्थों और नशीली दवाइयों की अवैध तस्करी, भंडारण एवं बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पूरनपुर पुलिस को यह सफलता मिली। पुलिस के अनुसार मुखबिर की सूचना पर टीम ने जनपद के माधोटांडा रोड स्थित मंडी के पास कार्रवाई करते हुए दानिश पुत्र राशिद खान, निवासी मोहल्ला जामा मस्जिद, थाना माधोटांडा, जनपद पीलीभीत को गिरफ्तार किया।
मोटरसाइकिल पर रखे कार्टन से हुई शुरूआत
पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तारी के दौरान आरोपी की मोटरसाइकिल पर रखे एक कार्टन से SPASMO Brown capsules बरामद हुए। इसके बाद आरोपी की निशानदेही पर एक गोदाम में छापा मारकर 42 अन्य कार्टन बरामद किए गए। इस तरह कुल 43 कार्टन में रखे 5,57,760 कैप्सूल पुलिस के हाथ लगे।
बरामद कैप्सूल की पैकिंग पर Dicyclomine HCL, Tramadol Hydrochloride और Acetaminophen अंकित है। पुलिस के अनुसार, इनमें शामिल ट्रामाडोल एनडीपीएस अधिनियम के अंतर्गत नियंत्रित पदार्थ है।

फर्जी बिलों से सप्लाई किए जाने का संदेह

प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी दानिश ने पुलिस को बताया कि उसका बड़ा भाई तारिक और कुछ अन्य लोग माधोटांडा क्षेत्र में मेडिकल स्टोर संचालित करते हैं। आरोप है कि मेडिकल स्टोर की आड़ में नशीली दवाइयों का क्रय-विक्रय और भंडारण किया जाता था। दानिश के अनुसार, वह गोदाम से कैप्सूल का कार्टन लेकर माधोटांडा जा रहा था।
पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि कथित तौर पर अन्य दवाइयों के नाम से फर्जी बिल तैयार कर इन कैप्सूल की विभिन्न स्थानों पर सप्लाई की जाती थी। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि दवाइयों का निर्माण कहां हुआ, इन्हें कहां से खरीदा गया और इस नेटवर्क में अन्य कौन-कौन लोग शामिल हैं।

एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज

इस मामले में थाना पूरनपुर में मुकदमा अपराध संख्या 446/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21/22 में अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस तारिक पुत्र राशिद समेत अन्य संदिग्धों की भूमिका की जांच कर रही है। अवैध कारोबार से जुड़े पूरे सप्लाई नेटवर्क का पता लगाने के लिए आगे की कार्रवाई जारी है।

नजीबाबाद के तातारपुर लालू धनोरा में 'जल जीवन मिशन' का बुरा हाल, सीएम को भेजा पत्र



सूर्योदय भाष्कर ब्यूरो चीफ
बिजनौर । नजीबाबाद केआदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने जनपद बिजनौर के विकासखंड नजीबाबाद की ग्राम पंचायत तातारपुर लालू धनोरा--आदर्श नगर में 'जल जीवन मिशन' (हर घर जल योजना) में चल रही गंभीर अनियमितताओं के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने इस पूरे मामले को लेकर माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक शिकायती भेजी है जिसमें सरकारी धन के दुरुपयोग का आरोप लगाया गया है।
आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पत्र मे कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में हर घर तक स्वच्छ पानी पहुंचाने का दावा करने वाली यह योजना धरातल पर दम तोड़ रही है। स्थानीय ग्रामीणों की समस्याओं को उठाने के बाद उन्होंने इस मामले में मुख्यमंत्री कार्यालय से दखल देने की मांग की है। आरटीआई कार्यकर्ता ने मुख्य रूप से आरोप लगाया कि तातारपुर लालू धनोरा के कई हिस्सों और गलियों में ठेकेदार ने अभी तक कई स्थानो पर पेयजल की पाइपलाइन बिछाई ही नहीं है। कागजों और हकीकत में भारी इसके अलावा शिकायत में कहा कि संबंधित कार्यवायी संस्था द्वारा बनाए गए ट्यूबवेल पंप हाउस की दीवार अभी से टूट चुकी है। यह साफ तौर पर निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के इस्तेमाल और भ्रष्टाचार को उजागर करता है। वही निर्माण कम्पनी बीटीएल के जीएम बिजेन्द्र कौशिक ने बताया कि गाँव के ट्रेक्टर की टक्कर से वह दीवार टूटी है पाइप लाइन नही बिछाने के आरोप पर उनका कहना था कि 95 प्रतिशत लाइन बिछाई जा चुकी है जो रही है बाकी जो रही है उनको पूरा कराया जा रहा है एक लाइन को गाँव प्रधान द्वारा रोका गया है`

दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत, दो महिलाओं समेत पांच घायल, दो गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर

सूर्योदय भाष्कर ब्यूरो
अफजलगढ़। क्षेत्र के मानियावाला नेशनल हाईवे-734 पर मंगलवार की देर रात दो बाइकों के बीच हुई जोरदार टक्कर में दो महिलाओं सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए. यह दुर्घटना मंगलवार रात करीब 9:30 बजे मानियावाला ढलान के कट के समीप गलत दिशा से ओवरटेक करने के प्रयास में हुई।
प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव सीरवासुचंद निवासी निसार अहमद (55) अपनी पत्नी सबला खातून (50) और परिचित फूलजहां (पत्नी नौशाद अहमद) के साथ शरीफनगर से बाइक द्वारा अपने गांव लौट रहे थे. इसी दौरान, विपरीत दिशा से आ रहे गांव त्रिलोकपुर निवासी चमन (पुत्र नन्हे सिंह) और सोनू (पुत्र नैन सिंह), जो अपने किसी परिचित को बादीगढ़ बस स्टैंड छोड़कर वापस लौट रहे थे, की बाइक से उनकी आमने-सामने की भिड़ंत हो गई.
टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकों पर सवार सभी पांचों लोग सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए. सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अफजलगढ़ में भर्ती कराया.
सीएचसी के चिकित्सक डॉ. नवीन कुमार ने बताया कि हादसे में चमन और सोनू की हालत अत्यधिक नाजुक होने के कारण उन्हें प्राथमिक उपचार देकर बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है. बताया जा रहा है कि दूसरी बाइक पर सवार दोनों युवक शराब के नशे में थे। चौकी प्रभारी मनवीर सिंह के अनुसार, मामले में तहरीर मिलने पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन से मजबूत होगी स्वास्थ्य सेवाएं

सीडीओ डॉ. दीक्षा जोशी की अध्यक्षता में कार्यशाला आयोजित, उत्कृष्ट कार्य करने वाले चिकित्सालयों व चिकित्सकों को किया गया सम्मानित



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो,
सीतापुर। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के प्रभावी क्रियान्वयन और डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को नैमिष ग्रैंड होटल में जनपद स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीक्षा जोशी की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में स्वास्थ्य सेवाओं को सुलभ, पारदर्शी और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया कार्यशाला में अधिकारियों और चिकित्सकों को आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा आईडी), हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स रजिस्ट्री, हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्री तथा डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड की उपयोगिता के बारे में जानकारी दी गई। सीडीओ ने कहा कि डिजिटल स्वास्थ्य व्यवस्था से मरीजों के पुराने चिकित्सकीय रिकॉर्ड सुरक्षित और व्यवस्थित रखे जा सकेंगे। इससे उपचार के दौरान मरीज की पूर्व स्वास्थ्य संबंधी जानकारी आसानी से उपलब्ध होगी और बेहतर इलाज में मदद मिलेगी।डॉ. राहुल वर्मा ने आभा आईडी बनाने, डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड के उपयोग तथा चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य संस्थानों के पंजीकरण की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने निजी चिकित्सालयों में डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड व्यवस्था लागू करने और मिशन के अंतर्गत पंजीकरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया, ताकि अधिक से अधिक नागरिकों को इसका लाभ मिल सके।उत्कृष्ट कार्य करने वाले संस्थान सम्मानित आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत उत्कृष्ट कार्य करने पर शिवाय चाइल्ड केयर, हिंद इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज और स्पर्श हॉस्पिटल को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला पुरुष चिकित्सालय के डॉ. इंदर सिंह, डॉ. रचना गौड़ और डॉ. अनुपम मिश्रा तथा जिला महिला चिकित्सालय की डॉ. सुनीता कश्यप को भी सम्मानित किया गया।इसके अलावा सिधौली, परसेंडी, महोली, मल्होरहटा, तंबौर, सांडा, खैराबाद और रामपुर मथुरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधीक्षकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए।कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुख रंजन समदर, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के नोडल अधिकारी डॉ. राजशेखर, डॉ. उमेश सचान, डॉ. एस.एन. मिश्रा, जिला स्वास्थ्य शिक्षा एवं सूचना अधिकारी राजकुमार, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुजीत वर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, विकासखंडों के अधीक्षक और निजी चिकित्सालयों के चिकित्सक मौजूद रहे।

अवैध कब्जेदारों को किया गया चिन्हित, होगी बेदखली की कार्यवाही



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो
कन्नौज-श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय छिबरामऊ के आदेशानुसार ग्राम डुंडवा बुजुर्ग में राजस्व व पुलिस टीम की संयुक्त कार्यवाही में सरकारी भूमि की पैमाइश करके सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा करने वालों को चिन्हित किया गया जिसके आधार पर कब्जेदारों पर आगे नियमानुसार बेदखली की कार्रवाई की जाएगी।

वर्तमान में शासन अवैध कब्जेदारों के खिलाफ बहुत सख्त है तथा सरकारी जमीनों को अवैध कब्जा मुक्त करवाने तथा खाली रखने के संबंध में समय समय पर शासनादेश निर्गत किये जाते रहे हैं जिसके अनुसार राजस्व विभाग द्वारा अभियान चलाकर कार्यवाही की जाती है
श्रीमान उपजिलाधिकारी महोदय जी का स्पष्ट कहना है कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा
कब्जेदारों पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। आगे भी कब्जेदारों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा ।
राजस्व टीम
संत प्रसाद दीक्षित कानूनगो
कौशल पाण्डेय लेखपाल
अनुराग द्विवेदी लेखपाल
गजेंद्र सिंह लेखपाल
श्याम दुबे लेखपाल
अविषाक कटियार लेखपाल
कुलदीप यादव लेखपाल
पुलिस टीम
उपनिरीक्षक सईदउद्दीन मय हमराह
हे0का0 राजू
का0 हंसराज
म0का0 चंचल
म0का0 हेमलता
म0का0 गीतेश
मय अतिरिक्त मोबाइल
सुजीत कुमार व
चौकी मझपुर्वा से का0 नागेन्द्र सिंह
का0 सचिन कुमार
का0 विशाल गिरि
का0 विवेक कुमार
का0 जितेन्द्र कुमार
अस्थायी निर्माण हटवाने के निर्देश दिए गए तथा स्थायी निर्माण करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाएगी
अवैध कब्जेदारों के नाम :
महशर पत्नी बाबू
नगमा पत्नी मुकीम
सालिम पुत्र शमीम
जुल्फि कार पुत्र मकसूद
तकी मोहम्मद
नूर मोहम्मद
अताउर्रहमान
अयूब
साजिद
आदि

जनपद स्तरीय युवा उत्सव में युवाओं ने दिखाई प्रतिभा

लोक नृत्य, लोकगीत, कविता लेखन, पेंटिंग और नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिताओं में विजेताओं को किया गया सम्मानित



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

सीतापुर। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग की ओर से बुधवार को सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट में जनपद स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोक नृत्य, लोकगीत, कविता लेखन, पेंटिंग और नुक्कड़ नाटक सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, पूर्व एमएलसी भरत त्रिपाठी और सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट के चेयरमैन ओमप्रकाश सिंघानिया ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया।पेंटिंग प्रतियोगिता में आकृति दीक्षित ने प्रथम, हिया श्री ने द्वितीय और श्रेया रॉय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लोक नृत्य समूह प्रतियोगिता में हिंदू कन्या महाविद्यालय की टीम प्रथम और सेक्रेड हार्ट की टीम द्वितीय स्थान पर रही। लोकगीत समूह प्रतियोगिता में यशोदा कन्या पीजी कॉलेज की टीम ने प्रथम तथा सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट की टीम ने द्वितीय स्थान हासिल किया।कविता लेखन प्रतियोगिता में विदुषी प्रथम, अमन कुमार त्रिपाठी द्वितीय और आशुतोष कुमार तृतीय स्थान पर रहे। वहीं, नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में आरएमपी की टीम ने प्रथम और सिंघानिया एजुकेशनल इंस्टीट्यूट की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।कार्यक्रम का संचालन राज शर्मा ने किया। समापन अवसर पर एडीएम (न्यायिक) खालिद अंजुम, जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रबोध कुमार और संस्थान के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार सिंह ने विजेताओं को प्रमाण पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया।इस अवसर पर क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी श्याम जी यादव, आशीष पांडे, नम्रता श्रीवास्तव, मोहम्मद रऊफ, अनमोल सिंह, शबाना खातून, प्रशांत वर्मा, सुरभिश्री ओझा सहित अन्य अधिकारी एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

धर्म, समृद्धि और सामाजिक संतुलन के वैदिक आदेश का करना चाहिए पालन





सूर्योदय भास्कर ब्यूरो चीफ मोहम्मदी खीरी। आर्यसमाज मोहमदी खीरी का साप्ताहिक यज्ञ रविवार को 8 बजे मंत्री अतुल रस्तोगी ने सम्पन्न करवाया, मुख्य यजमान गजेन्द्र नाथ गुप्ता एड0 व उनकी धर्मपत्नी मधु गुप्ता रहे नियम हरिओम गुप्ता ने सुमधुर भजन सुमन पाण्डेय, व अनीता गुप्ता ने सुनाये,

अपने सम्बोधन में अतुल रस्तोगी ने कहा कि,

इषे पिन्वस्वोर्जे पिन्वस्व ब्रह्मणे पिन्वस्व क्षत्राय पिन्वस्व द्यावापृथिवीभ्यां पिन्वस्व।

धर्मासि सुधर्मामेन्यस्मे नृम्णानि धारय ब्रह्म धारय क्षत्रं धारय विशं धारय॥

यजुर्वेद का यह मन्त्र अत्यन्त व्यापक दृष्टि प्रस्तुत करता है। इसमें सम्पूर्ण समाज, राष्ट्र और मानव जीवन के संतुलित विकास की कामना निहित है। यह मन्त्र बताता है कि मनुष्य का कल्याण केवल भोजन या धन से नहीं होता; उसे अन्न, बल, विद्या, धर्म, सुशासन और सामाजिक समन्वय - इन सबकी आवश्यकता होती है।

मन्त्र का प्रारम्भ बार-बार आने वाले शब्द पिन्वस्व से होता है, जिसका अर्थ है - हे। ईश्वर! पुष्ट करो, परिपूर्ण करो, सामर्थ्य दो। यह प्रार्थना दर्शाती है कि मनुष्य स्वयं पुरुषार्थ करता है, परन्तु अंतिम पूर्णता के लिए ईश्वरीय अनुग्रह भी चाहता है।

सबसे पहले कहा गया - इषे पिन्वस्वह्न। इषा का सम्बन्ध अन्न और जीवन-निर्वाह से है। इसका भाव है - हे प्रभो! हमें ऐसा समर्थ बनाओ कि जीवनोपयोगी अन्न की कमी न हो। यहाँ स्वस्थ, संतुलित और पोषणयुक्त जीवन की कामना है। वैदिक दृष्टि में शरीर धर्मसाधन का आधार है; अतः भोजन भी आध्यात्मिक जीवन से पृथक न हो। इसके बाद है - ह्नऊर्जे पिन्वस्वह्न। केवल अन्न पर्याप्त नहीं; अन्न से उत्पन्न ऊर्जा, बल और उत्साह भी आवश्यक हैं। यहाँ ऊर्जस्विता का अर्थ केवल शारीरिक शक्ति नहीं, बल्कि मानसिक दृढ़ता, साहस, पराक्रम और कर्मशीलता भी है। निर्बल व्यक्ति उच्च आदर्शों का पालन कठिनाई से कर पाता है। इसलिए प्रार्थना है कि जीवन में ऐसा तेज और शक्ति आए जिससे कर्तव्य-पालन संभव हो।

फिर मन्त्र कहता है - ब्रह्मणे पिन्वस्व। यहाँ ब्रह्म का अर्थ वेदविद्या, उच्च ज्ञान और सत्यबोध है। यह अत्यन्त महत्त्वपूर्ण है, क्योंकि शक्ति यदि ज्ञानविहीन हो तो विनाशकारी बन सकती है। इसलिए वैदिक चिन्तन में बल के साथ ज्ञान आवश्यक है। मनुष्य को केवल शक्तिशाली नहीं, बल्कि विवेकवान भी होना चाहिए।

इसके बाद आता है - क्षत्राय पिन्वस्व। क्षत्र शासन, सुरक्षा और रक्षण-शक्ति का बोध कराता है। किसी समाज में ज्ञानवान लोग हों, पर यदि व्यवस्था और सुरक्षा न हो, तो समाज स्थिर नहीं रह सकता। इसलिए सुशासन, न्याय, शौर्य, नीति और रक्षा - ये भी ईश्वरीय अनुग्रह से पुष्ट होने योग्य माने गए हैं।

मन्त्र का अगला पद - द्यावापृथिवीभ्यां पिन्वस्व - अत्यन्त सुंदर है। द्युलोक और पृथ्वी, अर्थात ऊर्ध्व और अधो, आदर्श और व्यवहार, आध्यात्मिक और लौकिक - दोनों क्षेत्रों में संतुलन चाहिए। वैदिक जीवन पलायनवादी नहीं है। वह कहता है कि मनुष्य संसार में रहते हुए भी उच्च आध्यात्मिक लक्ष्य साधे। पृथ्वी का सुख भी हो और दिव्य चेतना भी।

मन्त्र के दूसरे भाग में कहा गया - धर्मासि सुधर्मा। अर्थात परम सत्य स्वयं धर्म स्वरूप है। धर्म यहाँ किसी संप्रदाय विशेष का नाम नहीं, बल्कि वह सार्वभौमिक व्यवस्था है जो जीवन को सत्य, न्याय, संतुलन और करुणा की दिशा देती है। सुधर्मह्न का अर्थ है - शुद्ध, श्रेष्ठ, कल्याणकारी धर्म। मन्त्र का संकेत है कि मनुष्य का व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन इसी धर्म के आधार पर टिके।

अमेनि का भाव निर्वैरता या अहिंसक वृत्ति से है। यह अत्यंत महत्त्वपूर्ण सामाजिक संदेश है। समृद्धि तभी स्थिर रहती है जब समाज में परस्पर वैर, हिंसा और द्वेष न हों। बाहरी विकास के साथ आन्तरिक शुद्धि आवश्यक है।

इसके बाद मन्त्र कहता है - ह्ननृम्णानि धारयह्न। ह्ननृम्णह्न में अनेक प्रकार की सामर्थ्य - पुरुषार्थ, साहस, संसाधन, वैभव, श्रेष्ठ जनशक्ति - सब सम्मिलित हैं। इसका अर्थ है कि समाज में ऐसे गुण, साधन और लोग बने रहें जो उन्नति के वाहक हों।

अंतिम भाग विशेष रूप से सामाजिक संगठन पर प्रकाश डालता है - ब्रह्म धारय, क्षत्रं धारय, विशं धारय। यहाँ तीन मूल सामाजिक शक्तियों का उल्लेख है - ब्रह्म : ज्ञान, शिक्षा, अध्यापन, नैतिक दिशा आदि।

क्षत्र : शासन, सुरक्षा, व्यवस्था, न्याय आदि।

विश : सामान्य प्रजा या जनसमुदाय, जो समाज की आर्थिक और उत्पादक गतिविधियों का मुख्य आधार होता है।

मन्त्र का तात्पर्य यह है कि समाज का कोई एक अंग सर्वश्रेष्ठ ह्न

01 नवम्बर को अटल स्मृति पार्क में होगा मेगा विधिक साक्षरता एवं सेवा शिविर का आयोजन

जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र लाभार्थियों को किया जाएगा लाभान्वित



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

कन्नौज। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शों के अनुपालन में आगामी 01 नवम्बर 2026 को कलेक्ट्रेट परिसर के निकट स्थित अटल स्मृति पार्क में मेगा/बृहद विधिक साक्षरता एवं सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर को सफलतापूर्वक संपन्न कराने तथा अधिकाधिक लोगों तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से नवीन न्यायालय परिसर, कन्नौज के सभागार में अपर जिला जज प्रथम रवींद्र कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में संबंधित विभागों के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अपर जिला जज प्रथम ने कहा कि शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन को विधिक अधिकारों, कानूनी सहायता तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना और पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से लाभान्वित करना है। इसके लिए सभी संबंधित विभाग अपने-अपने विभाग की योजनाओं के स्टॉल लगाकर आमजन को योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं मिलने वाले लाभों की जानकारी सरल एवं सुलभ तरीके से उपलब्ध कराएं।

उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभाग अभी से पात्र लाभार्थियों को चिह्नित करते हुए उनकी सूची तैयार कर लें, ताकि शिविर के दौरान अधिक से अधिक लोगों को योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके। कार्यक्रम स्थल पर पंजीकरण काउंटर की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए, जिससे विभिन्न योजनाओं के इच्छुक एवं पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण कर उन्हें संबंधित योजनाओं से जोड़ा जा सके।

अपर जिला जज प्रथम ने कहा कि कई बार जानकारी के अभाव में पात्र व्यक्ति सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रह जाते हैं। ऐसे में सभी विभाग व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए अधिकाधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करें। लाभार्थियों से भी अपील की जाए कि वे अपने आसपास के जरूरतमंद एवं पात्र व्यक्तियों को शिविर में साथ लेकर आएं, ताकि वे भी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका लाभ उठा सकें।

उन्होंने शिविर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सहित शुद्ध पेयजल एवं अन्य आवश्यक जनसुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही वन विभाग को कार्यक्रम के अवसर पर वृक्षारोपण कराने के लिए भी निर्देशित किया, जिससे पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाई जा सके।

बैठक में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौमेला श्रीवास्तवा, अपर जिलाधिकारी न्यायिक विजय कुमार मिश्रा सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

ह्यवोट बचाओ, देश बचाओह्न अभियान को लेकर कांग्रेस की बैठक

एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली रैली में शामिल होने की अपील, संगठन की मजबूती पर दिया जोर




सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

सीतापुर। जिला कांग्रेस कार्यालय में वोट बचाओ, देश बचाओ अभियान के तहत पार्टी पदाधिकारियों की बैठक और पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। इसमें अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक एवं पंजाब के कपूरथला से विधायक राजा गुरजीत सिंह तथा प्रदेश कांग्रेस के पर्यवेक्षक व पूर्व विधायक इंदल रावत ने संगठन की गतिविधियों पर चर्चा की।पत्रकार वार्ता में विधायक राजा गुरजीत सिंह ने भाजपा सरकार पर वोट चोरी के जरिए सत्ता में आने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कई प्रदेशों की सरकारें भी कथित वोट चोरी के जरिए बनी हैं। उन्होंने कांग्रेस कार्यकताओं से एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली रैली में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की।वहीं, पूर्व विधायक इंदल रावत ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है और प्रदेश में राजनीतिक माहौल बदल रहा है। उन्होंने कांग्रेसजनों से एकजुट होकर संगठन को मजबूत बनाने और जनहित के मुद्दों पर संघर्ष करने का आह्वान किया।

बैठक में जिलाध्यक्ष डॉ. ममता वर्मा, शहर अध्यक्ष शिशिर बाजपेई, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश निषाद, विनीत दीक्षित, पूर्व शहर अध्यक्ष संतोष भार्गव, धीरेश कश्यप, संजीत गुप्ता, दानिश नकवी, नरेंद्र वर्मा, इकबाल अहमद, गुफरान खान, मसरूर अली, राकेश पाल, विभु मुनेंद्र अवस्थी, समीर अहमद, राजेश सिंह तोमर, रिजवान खान और शोभित मौर्य सहित अन्य कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आशीर्वाद गोल्ड लोन की नई शाखा का कमता चौराहा, लखनऊ में भव्य शुभारंभ



सूर्योदय भास्कर, लखनऊ

मणापुरम फाइनेंस लिमिटेड की सहायक कंपनी 'आशीर्वाद माइक्रो फाइनेंस लिमिटेड' के अंतर्गत संचालित 'आशीर्वाद गोल्ड लोन' ने राजधानी लखनऊ में अपने नेटवर्क का विस्तार करते हुए कमता चौराहा स्थित नई शाखा का भव्य शुभारंभ किया गया।

इस नई शाखा के माध्यम से स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और कामकाजी वर्ग को आसान, सुरक्षित और त्वरित वित्तीय सेवाएं प्रदान की जाएंगी। संस्थान का मुख्य उद्देश्य ग्राहकों को उनकी वित्तीय आवश्यकताओं के समय न्यूनतम कागजी कार्रवाई और पारदर्शी प्रक्रियाओं के साथ तुरंत गोल्ड लोन उपलब्ध कराना है।

शाखा प्रबंधन ने बताया कि यहां ग्राहकों को आकर्षक ब्याज दरों, त्वरित स्वीकृति, सुरक्षित लॉकर सुविधा और बिना किसी झंझट के गोल्ड लोन की सुविधा दी जा रही है। संस्थान "आपका सोना, हमारा सहयोग" की भावना के साथ ग्राहकों के विश्वास पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध है।

लोकतन्त्र बचाओ अराजकता हटाओ यात्रा के संदर्भ में संगठनात्मक बैठक का आयोजन हुआ



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

पीलीभीत। भारतीय जनता पार्टी पीलीभीत जिला कार्यालय पर लोकतन्त्र बचाओ अराजकता हटाओ यात्रा के संदर्भ में संगठनात्मक बैठक का आयोजन हुआकबैठक में मुख्य अतिथि ब्रज क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष पूरनलाल लोधी रहे कबैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने की कबैठक का संचालन जिला महामंत्री मंगली प्रसाद वर्मा ने किया क बैठक की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलन से हुई क्मूरनलाल लोधी ने कार्यकताओं को राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन जी के ब्रज क्षेत्र के प्रवास की जानकारी देते हुए उनके आगम के कार्यक्रम की रचना एवं आगामी अभियानों को सफल बनाने हेतु दिशानिर्देश दिए।गोकुल प्रसाद मौर्य ने कार्यकताओं का आभार व्यक्त करते हुए आगामी अभियानों में पीलीभीत की सक्रिय भूमिका निभाने हेतु आश्वासन दिया।

इस अवसर पर क्षेत्रीय महामंत्री राजेश्वर सिंह पटेल, क्षेत्रीय मंत्री सतनाम सिंह , क्षेत्रीय मंत्री महेश योगी, नवनिर्वाचित क्षेत्रीय अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा अकलीम मलिक, नि० जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह, बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद, बीसलपुर विधायक विवेक वर्मा, नि० विधायक किशन लाल राजपूत, पीलीभीत नगर पालिका अध्यक्ष डॉ० आस्था अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ० दलजीत कौर, ब्लॉक प्रमुख मरौरी सभ्यता देवी वर्मा, ब्लॉक प्रमुख बीसलपुर अशोक शर्मा, ब्लॉक प्रमुख सहीत भाजपा के तमाम नेतागण एवं कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे क

खेत बचाओ अभियान रबी-2026 के तहत किसानों को जागरूक करने हेतु ग्राम पंचायतों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

कन्नौज। शासन की मंशानुरूप रबी फसल वर्ष 2026 में संचालित ह्यखेत बचाओ अभियानह्न के अंतर्गत जनपद कन्नौज में किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, संतुलित उर्वरक प्रयोग तथा आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से बुधवार, 28 अक्टूबर 2026 को विकासखंड सौरिख के ग्राम खड़गपुर वीरान एवं विकासखंड छिबरामऊ के ग्राम करमुल्ला में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों में कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कृषि वैज्ञानिकों सहित लगभग 634 किसानों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रमों के दौरान किसानों को क्रेडिट कार्ड संतृप्तीकरण, मृदा परीक्षण आधारित उर्वरकों के संतुलित उपयोग, हरी खाद एवं जैविक खाद के महत्व, कृषि में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने तथा फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन की जानकारी दी गई। साथ ही पराली जलाने से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान, मिट्टी की उर्वरा शक्ति पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभाव एवं फसल अवशेषों के उपयोग से मृदा स्वास्थ्य में सुधार के उपायों के बारे में विस्तार से बताया गया। किसानों को नैनो उर्वरकों के वैज्ञानिक एवं संतुलित प्रयोग के प्रति भी जागरूक किया गया।

विकासखंड सौरिख के ग्राम खड़गपुर वीरान में उप कृषि निदेशक एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. अरविन्द कुमार ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन तथा पराली जलाने से बचाव पर्यावरण संरक्षण और भूमि की उर्वरता बनाए रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने किसानों को कृषि लागत कम करने, मृदा की गुणवत्ता सुधारने तथा टिकाऊ खेती अपनाने के लिए संतुलित उर्वरकों के प्रयोग की सलाह दी। इस अवसर पर ग्राम प्रधान/प्रशासक श्री जसवन्त सिंह उपस्थित रहे।

फसल अवशेष प्रबंधन, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण एवं संतुलित उर्वरक उपयोग के प्रति किसानों को किया गया जागरूक, लगभग 634 किसानों ने किया प्रतिभाग

विकासखंड छिबरामऊ के ग्राम करमुल्ला में आयोजित कार्यक्रम में जिला कृषि अधिकारी श्री जतनाथ सिंह ने किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि कृषि बीज गोदामों पर 50 प्रतिशत अनुदान पर बीज उपलब्ध हैं। उन्होंने किसानों से योजनाओं का लाभ उठाने तथा उर्वरकों का आवश्यकता के अनुरूप संतुलित उपयोग करने की अपील की। इस दौरान उप कृषि निदेशक श्री संतोष कुमार ने भी किसानों को कृषि संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं।

उप कृषि निदेशक श्री संतोष कुमार ने बताया कि आगामी दिवस 30 अक्टूबर 2026 को विकासखंड गुरसहायगंज के ग्राम बगिया एवं विकासखंड हसेरन के क्षेत्र में भी ह्यखेत बचाओ अभियानह्न के अंतर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग कर वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाएं तथा पर्यावरण एवं मृदा स्वास्थ्य संरक्षण में सक्रिय सहयोग प्रदान करें।

ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में सरदार ज्ञान सिंह छाबड़ा मेमोरियल अंतरविद्यालयीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप का भव्य शुभारंभ



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

पीलीभीत। ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल, पीलीभीत में आज सरदार ज्ञान सिंह छाबड़ा मेमोरियल अंतरविद्यालयीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों की बालक एवं बालिका टीमों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन, टीमवर्क, आत्मविश्वास तथा स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करना रहा।

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक परिवार के सदस्य श्री राजेंद्र सिंह छाबड़ा जी एवं श्रीमती कैलाश रानी छाबड़ा जी, प्रबंध निदेशक श्री देवेंद्र सिंह छाबड़ा जी, प्रधानाचार्या श्रीमती पूजा छाबड़ा जी तथा श्री ऋषित छाबड़ा जी द्वारा मशाल प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात आकाश में गुब्बारे छोड़कर प्रतियोगिता के औपचारिक शुभारंभ की घोषणा की गई। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक एवं शिक्षिकाएँ तथा कर्मचारी उपस्थित रहे। पूरे परिसर में उत्साह, उमंग और खेल भावना का वातावरण देखने को मिला।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एसएसबी, पिथौरागढ़ के द्वितीय कमान अधिकारी श्री रमन कुमार एवं श्रीमती प्रियंका की गरिमामयी उपस्थिति रही। विशिष्ट अतिथियों में एआरटीओ श्री सुशील कुमार मिश्रा, । इसके अतिरिक्त श्री प्रशांत शुक्ला, श्री लक्ष्मीकांत शर्मा, लायंस बाल विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य श्री एस. के. शर्मा, एस. के. पब्लिक स्कूल के प्रबंध निदेशक श्री राजेंद्र सिंह, श्री कुंदन बानी, जिला ओलंपिक संघ के कोषाध्यक्ष श्री अमिताभ अग्निहोत्री तथा रोटरी क्लब से श्री ईश बंसल सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

प्रतियोगिता के अंतर्गत बालिका वर्ग के मुकाबलों में अकाल अकादमी ने बेन-हर पब्लिक स्कूल तथा भसीन इंटरनेशनल स्कूल को पराजित कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल की बालिका टीम ने लायंस बाल विद्या मंदिर के विरुद्ध शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय प्राप्त की। वहीं बेन-हर गुरुकुल ने स्प्रिंगडेल कॉलेज को हराया। क्वार्टर फाइनल मुकाबले में एस. के. पब्लिक स्कूल ने लिटिल एंजल्स स्कूल को पराजित कर अगले चरण में प्रवेश किया।

बालक वर्ग में भी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल की टीम ने बेन-हर गुरुकुल को पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। लिटिल एंजल्स स्कूल ने दिल्ली पब्लिक स्कूल को, लायंस बाल विद्या मंदिर ने सेंट पैट्रिक अकादमी को तथा स्प्रिंगडेल कॉलेज ने पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय को हराया। पूल-बी के मुकाबलों में नॉसेज पब्लिक स्कूल ने फ्यूचर इंटरनेशनल स्कूल को, एस. के. पब्लिक स्कूल ने शाइन इंग्लिश मीडियम स्कूल को, बेन-हर पब्लिक स्कूल ने भसीन इंटरनेशनल स्कूल को तथा डायनेस्टी मॉडर्न गुरुकुल अकादमी ने अकाल अकादमी को पराजित किया।

प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों की टीमों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। खिलाड़ियों ने अपनी खेल-कुशलता, समर्पण, अनुशासन और सामूहिक प्रयासों से दर्शकों को प्रभावित किया। प्रत्येक मैच में खिलाड़ियों का उत्साह और जीत के प्रति दृढ़ संकल्प स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।

ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल द्वारा आयोजित यह चैंपियनशिप विद्यार्थियों को अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ आपसी सहयोग, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक प्रतिस्पर्धा विकसित करने का महत्वपूर्ण मंच प्रदान कर रही है। विद्यालय प्रबंधन ने खेलों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का अभिन्न अंग बताते हुए ऐसे आयोजनों के महत्व को रेखांकित किया। कार्यक्रम ने खेलों के प्रति विद्यार्थियों के उत्साह को नई दिशा प्रदान की और विद्यालय की खेल गतिविधियों को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता को उजागर किया।

साथ ही विद्यालय के उप-प्रधानाचार्य डॉ. आरिज अल्वी, एवं खेल प्रशिक्षक अनूप गिहार, गौतम श्रीवास्तव, अद्वितय अग्निहोत्री, मो. नदीम खां व प्रीति आदि मौजूद रहे क

पुलिस ने जानलेवा हमले एवं लूटपाट के आरोपियों का शांतिभंग में किया चालान

सूर्योदय भास्कर संवाददाता

तिलोई ,अमेठी। थाना शिवरतनगंज पुलिस ने पड़ोसी जनपद रायबरेली के दो बाइक सवार युवकों से फिल्मी स्टाइल में मारपीट कर लूटपाट और जानलेवा हमले के मामले में दो नामजद दो अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा तो गम्भीर धाराओं में दर्ज किया लेकिन उनका शांतिभंग में चालान कर मामले की इतिश्री कर दी है। बताते चलें कि रायबरेली जनपद के थाना बछरांवा क्षेत्र के गांव नीवां कुर्री सुदौली निवासी मोहित सिंह पुत्र स्व रामफेर सिंह तथा रामबहादुर पुत्र स्व छोटेलाल ने पुलिस को सौंपी गई तहरीर में लिखा है कि बीती पच्चीस अक्टूबर को समय लगभग पौने नौ बजे रिजवान एवं रेहान व दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसके साथ मारपीट करने, हत्या करने एवं लूटपाट करने के इरादे से बाइक सवार उपरोक्त व्यक्तियों ने रास्ता रोक कर मारपीट करने लगे व जंगल की तरफ खींचने लगे व घटना को अंजाम दिया गया। उक्त घटना के दौरान विपक्षीगण द्वारा उनको जान से मारने की धमकी भी दी गई और एक चैन वजन लगभग दस ग्राम व साढ़े तीन हजार रुपये छीन लिये गये इस घटना के कारण पीड़ित के साथ ही उसके परिवार के सदस्य भयभीत हैं। पीड़ित परिवार को आशंका है कि विपक्षीगण भविष्य में भी उसके साथ कोई गम्भीर घटना कर सकते हैं तथा प्रार्थी के जान माल को नुकसान पहुंचा सकते हैं। इस घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी फुटेज खंगाला और आनन फानन में गम्भीर धाराओं में अभियोग दर्जकर लिया इसके बाद घटना को अंजाम देने वाले दोनों सगे भाइयों को हिरासत में ले लिया गया। बताया जाता है कि इन गम्भीर धाराओं में जिनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया तो आखिर उनका शांतिभंग में चालान क्यों किया गया ? इससे अपराधों पर अंकुश लगेगा या फिर अपराध को बढ़ावा मिलेगा इसका जबाब महकमे के खेवनहारों के पास नही है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष दया शंकर मिश्रा ने इसकी पुष्टि करते हुये बताया कि दोनों युवकों का शांतिभंग में चालान किया गया है।

पति-पत्नी के रिश्ते में प्यार का त्योहार करवाचौथ



नई दिल्ली, (एजेंसियां)। करवाचौथ का त्योहार पति-पत्नी के रिश्ते में प्यार और अपनापन बढ़ाने का खास मौका होता है। इस दिन सुहागिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना करते हुए निर्जला व्रत रखती हैं। ऐसे में अगर आप भी अपनी पत्नी को सरप्राइज देकर उनके चेहरे पर प्यारी-सी मुस्कान लाना चाहते हैं, तो ये चीजें दे सकते हैं। अक्सर लोगों को लगता है कि पत्नी को खुश करने के लिए महंगे गिफ्ट खरीदना जरूरी है लेकिन ऐसा बिल्कुल नहीं है। कई बार छोटी-सी चीज भी आपके प्यार का बड़ा एहसास करा सकती है। अगर आपका बजट थोड़ा कम है, तो परेशान होने की जरूरत नहीं है।

पत्नी को खुश करने के लिए महंगे गिफ्ट खरीदना जरूरी नहीं

कस्टमाइज्ड जूलरी : अगर आपकी पत्नी को जूलरी पहनना पसंद है, तो उनके नाम के पहले अक्षर वाला पेंडेंट, खूबसूरत अंगूठी या स्टाइलिश ब्रेसलेट गिफ्ट कर सकते हैं। सोने या हीरे के गहने होना जरूरी नहीं है आप गोल्ड प्लेटेड ज्वेलरी भी दे सकते हैं।

स्टाइलिश हैंडबैग या क्लच : महिलाओं के लिए हैंडबैग सिर्फ फैशन नहीं, बल्कि रोजमर्रा की जरूरत भी है। ऐसे में आप अपनी पत्नी को उनकी पसंद के रंग का सुंदर हैंडबैग या पार्टी में इस्तेमाल करने के लिए स्टाइलिश क्लच दे सकते हैं। यह ऐसा गिफ्ट है, जिसे वह लंबे समय तक इस्तेमाल कर सकती हैं।

स्किनकेयर और सेल्फ-केयर हैम्पर : घर और परिवार की जिम्मेदारियों के बीच महिलाएं कई बार खुद के लिए समय नहीं निकाल पातीं। ऐसे में पत्नी को उनके पसंदीदा स्किनकेयर प्रोडक्ट्स, लिपस्टिक, फेस मास्क या बॉडी लोशन का छोटा-सा हैम्पर गिफ्ट कर सकते हैं।

स्मार्टवॉच या फिटनेस बैंड : अगर आपकी पत्नी को टेक्नोलॉजी या फिटनेस पसंद है, तो स्मार्टवॉच या फिटनेस बैंड अच्छा विकल्प हो सकता है। बाजार में अलग-अलग बजट में कई डिजाइन मिल जाते हैं।

यादगार तस्वीरों वाला फोटो फ्रेम : कुछ तोहफे ऐसे होते हैं, जिनकी कीमत से ज्यादा उनकी भावनात्मक अहमियत होती है। आप अपनी शादी, घूमने-फिरने या साथ बिताए खूबसूरत पलों की तस्वीरों वाला फोटो फ्रेम बनवा सकते हैं।

करवा चौथ की सरगी सिर्फ रस्म नहीं, सेहत के लिहाज से भी है खास



नई दिल्ली। करवाचौथ का त्योहार सुहागिन महिलाओं के लिए बेहद खास होता है। इस दिन महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के लिए निर्जला व्रत रखती हैं। सुबह सूर्योदय से पहले सरगी खाकर व्रत की शुरुआत की जाती है और रात में चंद्रमा के दर्शन और पूजा के बाद व्रत खोला जाता है। सरगी की परंपरा सिर्फ धार्मिक मान्यताओं से ही नहीं जुड़ी है बल्कि सेहत के लिहाज से भी इसका खास महत्व है। करवाचौथ पर सरगी देने की परंपरा सदियों पुरानी है। आमतौर पर सास अपनी बहू को सरगी की थाली देती हैं। इसमें खाने-पीने की चीजों के साथ चूड़ियां, बिंदी, सिंदूर और दूसरी सुहाग सामग्री भी शामिल हो सकती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सरगी सास के प्यार, आशीर्वाद और बहू की खुशहाली की कामना का प्रतीक है। हालांकि, अलग-अलग क्षेत्रों और परिवारों में इस रस्म को निभाने के तरीके अलग हो सकते हैं।

करवाचौथ पर महिलाएं लंबे समय तक बिना कुछ खाए-पिए रहती हैं। ऐसे में व्रत शुरू करने से पहले पौष्टिक भोजन करना शरीर को ऊर्जा देने में मदद कर सकता है। संतुलित सरगी खाने से पेट भरा रहने में मदद मिलती है और शरीर को जरूरी पोषक तत्व भी मिलते हैं। भोजन के साथ पर्याप्त पानी पीना भी जरूरी है।

ताजे फल : सरगी में सेब, केला, अनार और दूसरे मौसमी फल शामिल कर सकती हैं। फलों से विटामिन, खनिज और फाइबर मिलता है, जो सेहत के लिए फायदेमंद हैं।

सूखे मेवे : बादाम, अखरोट, काजू और किशमिश जैसे मेवे थोड़ी मात्रा में खाए जा सकते हैं। इनमें ऊर्जा देने वाले पोषक तत्व और स्वस्थ वसा होती है।

दूध और फेनी : कई घरों में दूध के साथ फेनी या मीठी सेवईं खाने की परंपरा है। दूध से प्रोटीन और कैल्शियम मिलता है, जबकि फेनी से ऊर्जा मिलती है।

पौष्टिक भोजन : सरगी में पराठा, रोटी, दलिया या दूसरी पसंदीदा चीजें भी शामिल कर सकती हैं। साबुत अनाज और प्रोटीन वाले खाद्य पदार्थ पेट को लंबे समय तक भरा रखने में मदद कर सकते हैं।

पर्याप्त पानी : सरगी के दौरान पर्याप्त पानी पीना न भूलें। बहुत ज्यादा नमकीन, तला-भुना या तीखा भोजन खाने से बचें क्योंकि इससे प्यास बढ़ सकती है।

परंपरा के अनुसार, सरगी सूर्योदय से पहले खाई जाती है। इसलिए 29 अक्टूबर को अपने शहर में सूर्योदय का समय देखकर उसी के अनुसार सरगी खाएं।

ध्यान रखें कि निर्जला व्रत हर किसी के लिए सुरक्षित नहीं होता। गर्भवती महिलाओं, मधुमेह या दूसरी स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही महिलाओं और नियमित दवाएं लेने वालों को व्रत रखने से पहले डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए। कमजोरी, चक्कर या तबीयत बिगड़ने पर सेहत को प्राथमिकता दें।

सतत विकास में योगदान के लिए बीएसजी पुरस्कार 2026 प्रदान किए गए

नई दिल्ली । वायु प्रदूषण और बारिश की कमी के बीच जलवायु परिवर्तन के बढ़ते प्रभावों के दौर में भारत सोका गक्काई ने नई दिल्ली में दूसरे बीएसजी पुरस्कार समारोह का आयोजन किया। समारोह में उन व्यक्तियों और संस्थाओं को सम्मानित किया गया, जो अपने काम से समाज में सकारात्मक बदलाव ला रहे हैं।बीएसजी शांति, संस्कृति, शिक्षा और सततता को बढ़ावा देने के लिए समर्पित संस्था है। ये पुरस्कार संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्यों एसडीजी को प्राप्त करने की दिशा में सार्थक कदम उठाने वाली पहलों को सामने लाते हैं।पुरस्कारों के केंद्र में बीएसजी की 'सस्टेनेबल ह्यूमन बिहेवियर' की अवधारणा है, जो इस विश्वास पर आधारित है कि स्थायी बदलाव की शुरुआत हमारे सोचने, चुनाव करने और काम करने के तरीके से होती है। इस अवसर पर बीएसजी के अध्यक्ष विनय जैन ने कहा, सतत विकास की शुरुआत सभी जीवों की गरिमा के प्रति सम्मान से होती है। जब यह सम्मान हमारे रोजमर्रा के फैसलों में दिखाई देता है, तो हममें से हर व्यक्ति बदलाव लाने की शक्ति बन सकता है।



बच्चों की जिज्ञासा को कम नहीं आंकना चाहिए : रसिका दुग्गल



मुंबई, (एजेंसियां)। एक्ट्रेस रसिका दुग्गल इन दिनों अपनी नई फिल्म 'लिटिल थॉमस' को लेकर चर्चा में हैं। उन्होंने हिंदी सिनेमा में फिल्मों के बदलते अंदाज पर बात की और कहा कि आज टेक्नोलॉजी ने फिल्ममेकर्स के लिए कई रास्ते खोल दिए हैं, लेकिन इसके बावजूद रोजमर्रा की जिंदगी से जुड़ी सरल कहानियों की अपनी खास अहमियत है। रसिका ने कहा कि आज टेक्नोलॉजी ने फिल्ममेकर्स को कई तरह की रास्ते दिए हैं। ऐसे में फिल्मों में बड़े स्तर और भव्यता पर जोर देना स्वाभाविक है। लेकिन कभी-कभी इस सबके बीच हम ऐसी कहानी की खूबसूरती भूल जाते हैं, जो सरल हो, लेकिन सतही न हो। उन्होंने फिल्म के डायरेक्टर कौशल ओझा के फिल्म बनाने के अंदाज की तारीफ करते हुए कहा कि उनका शांत और सहज तरीका उन्हें दूसरों से अलग बनाता है। उनकी कहानी कहने के अंदाज में एक अलग तरह का भरोसा नजर आता है। उनकी फिल्मों को दर्शकों से जुड़ने के लिए किसी भव्य सेट या उलझी हुई कहानी की जरूरत नहीं होती।

शैक्षणिक उत्कृष्टता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए रेयान को मिला सम्मान

ग्रेटर नोएडा, । रेयान इंटरनेशनल स्कूल, ग्रेटर नोएडा ने टाइम्स एजुकेशन आइकन्स 2026 (नॉर्थ) में पहचान बनाकर अपनी उपलब्धियों में एक और उपलब्धि जोड़ ली है। यह गौरवपूर्ण उपलब्धि शैक्षणिक उत्कृष्टता, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और छात्रों के सर्वांगीण विकास के प्रति स्कूल की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाती है। ये रैंकिंग कई पैमानों के आधार पर स्कूलों को मान्यता देती हैं, जिनमें शैक्षणिक उत्कृष्टता, बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम, शिक्षकों की गुणवत्ता, बुनियादी ढांचा, पाठ्येतर गतिविधियां और छात्रों पर व्यक्तिगत ध्यान देना शामिल है। स्कूल की प्रधानाचार्या, सुधा सिंह ने निम्नलिखित श्रेणी में यह पुरस्कार प्राप्त किया। ग्रेटर नोएडा जोन में 'चैलेंजर्स' श्रेणी के अंतर्गत पहली रैंक मिली है। स्कूल अपने सभी स्टाफ सदस्यों, छात्रों और अभिभावकों को उनकी कड़ी मेहनत, सहयोग और समर्थन के लिए बधाई देता है, जिसकी बदौलत स्कूल को यह सम्मान मिला है। स्कूल ने अपने मार्गदर्शकों-चेयरमैन डॉ. ए. एफ. पिंटो और मैनेजिंग डायरेक्टर ग्रेस पिंटो को उनके विजन और स्कूल को आगे बढ़ाने में दिए गए सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।



समय पर सिंचाई का परिणाम, स्वस्थ पुष्पन देख किसान खुश

पहली बार केसर की फसल हुई दोगुनी



जम्मू, । श्रीनगर जिले के बलहामा के एक केसर किसान ने इस वर्ष लगभग दोगुनी पैदावार की सूचना दी है, जिसका श्रेय उन्होंने समय पर सिंचाई, कड़ी मेहनत और वर्षों के व्यावहारिक अनुभव को दिया है। किसान फयाज अहमद भट, जिन्होंने अपने खुद के वाटर पंपों का उपयोग करके अपने केसर के खेतों की सिंचाई की, ने यह प्रदर्शित किया है कि सही समय पर पानी की उपलब्धता बेहतर फूल आने और केसर के उत्पादन में सुधार में कैसे योगदान दे सकती है।

जम्मू विश्वविद्यालय के जैव प्रौद्योगिकी विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. शीतल अंबारदार और पंपोर के प्रगतिशील केसर किसान और किसान सलाहकार बोर्ड के सदस्य इरशाद अहमद डार ने हाल ही में फसल का आकलन करने के लिए भट के खेतों का दौरा किया। उन्होंने वहां स्वस्थ पुष्पन और सुविकसित परागकोषों को देखकर संतोष व्यक्त किया।

भट ने पत्रकारों को बताया कि केसर की सफल खेती के लिए समर्पण, व्यावहारिक अनुभव और समय पर सिंचाई आवश्यक है। उन्होंने कहा कि कृषि के माध्यम से आजीविका के अवसर उपलब्ध होने के बावजूद कई युवा मेहनत करने से कतराते हैं। डॉ. अंबारदार, जो पिछले 16 वर्षों से केसर पर शोध कर रही हैं, ने बताया कि वह केसर के फूलों की वृद्धि और विकास का अध्ययन करने के लिए फूल आने के मौसम के दौरान नियमित रूप से कश्मीर जाती हैं। हालांकि उन्होंने हाल के वर्षों में केसर के फूलों में आई गिरावट पर चिंता व्यक्त की, विशेष रूप से पंपोर में, जहां उन्होंने इस मौसम में अपनी यात्रा के दौरान अपेक्षाकृत कम फूल पाए। वे कहती थीं कि इस वर्ष, हम केसर के फूल आने के मौसम में नमूने एकत्र करने के लिए कश्मीर आए थे।

जिला रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में ग्रेनो अकादमी के खिलाड़ियों ने जीते 7 स्वर्ण, 10 रजत और 8 कांस्य पदक

ग्रेटर नोएडा, । शहीद विजय सिंह पथिक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, में तृतीय गौतम बुद्ध नगर जिला रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप 2026-27 का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन ग्रेनो रोलर स्केटिंग स्पोर्ट्स एसोसिएशन, की तरफ से किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न स्कूलों एवं स्केटिंग अकादमियों से आए 450 से अधिक बालक एवं बालिका खिलाड़ियों ने अंडर-6 से लेकर अंडर-19 आयु वर्ग तक उत्साहपूर्वक भाग लिया। एसोसिएशन के अध्यक्ष आकाश रावल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में ग्रेनो रोलर स्केटिंग स्पोर्ट्स अकादमी के 25 खिलाड़ियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में हिस्सा लिया, जिनमें से 16 खिलाड़ियों ने 7 स्वर्ण, 10 रजत और 8 कांस्य पदक जीतकर जिला टीम में अपनी जगह सुनिश्चित की।

चयनित खिलाड़ी आगामी 27 से 29 नवम्बर 2026 तक वाराणसी में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में गौतम बुद्ध नगर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। आकाश रावल ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, अनुशासन, नियमित अभ्यास और प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।



उन्होंने कहा कि जिले के खिलाड़ियों का राज्य स्तर पर चयन होना ग्रेनो अकादमी के लिए गर्व की बात है। इससे अन्य खिलाड़ियों को भी खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने और बेहतर प्रदर्शन करने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने बताया कि ग्रेनो रोलर स्केटिंग स्पोर्ट्स अकादमी के सभी चयनित खिलाड़ी स्केटिंग कोच अनुज रावल के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास करते हैं। कोच अनुज रावल खिलाड़ियों की तकनीक, गति, संतुलन, फिटनेस एवं प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को बेहतर बनाने के लिए निरंतर मेहनत कर रहे हैं। खिलाड़ियों की इस शानदार उपलब्धि से ग्रेनो रोलर स्केटिंग स्पोर्ट्स अकादमी, प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों के माता-पिता में खुशी की लहर है।

करवा चौथ पर पति ने किडनी देकर पत्नी को दी जिंदगी की सौगात

ग्रेटर नोएडा, । करवा चौथ पर पत्नी अपने पति की लंबी उम्र के लिए व्रत रखती है, लेकिन इस बार 46 वर्षीय संजय ने अपनी पत्नी रूबी को जिंदगी की सौगात देकर प्यार और साथ का अनमोल रिश्ता निभाया। किडनी फेल होने के कारण नियमित डायलिसिस पर निर्भर 32 वर्षीय रूबी की परेशानी को देखते हुए संजय ने अपनी किडनी दान करने का फैसला लिया। शारदाकेयर हेल्थसिटी के डॉक्टरों ने अलग-अलग ब्लड ग्रुप होने के बावजूद सफल किडनी ट्रांसप्लांट कर रूबी को नई जिंदगी की उम्मीद दी है। रूबी की दोनों किडनी ठीक से काम नहीं कर रही थीं, जिसके कारण उन्हें बार-बार हीमोडायलिसिस कराना पड़ता था। इस मुश्किल दौर में पति संजय ने किडनी दान करने का निर्णय लिया। रूबी का ब्लड ग्रुप बी पॉजिटिव और संजय का ए पॉजिटिव होने के कारण ट्रांसप्लांट चुनौतीपूर्ण था। डॉक्टरों ने विशेष उपचार के जरिए रूबी के शरीर को नई किडनी स्वीकार करने के लिए तैयार किया। किडनी ट्रांसप्लांट एवं यूरोलॉजी के निदेशक डॉ.अनिल शर्मा, डॉ. अहमद कमाल और नेफ्रोलॉजी के निदेशक डॉ. कुणाल राज गांधी की टीम ने ऑपरेशन किया। डॉक्टरों ने रूबी को रिटुक्सिमैब दवा देकर डी-सेंसिटाइजेशन प्रक्रिया अपनाई, जिससे नई किडनी के अस्वीकार होने का खतरा कम किया जा सके। संजय की किडनी दूरबीन विधि से निकाली गई, जिससे बड़े चीरे की जरूरत कम पड़ी। डॉ.कुणाल राज गांधी के अनुसार, ट्रांसप्लांट के बाद रूबी की किडनी ने बेहतर तरीके से काम करना शुरू कर दिया। उनका सीरम क्रिएटिनिन स्तर घटकर 0.70 मिलीग्राम प्रति डेसीलीटर पहुंच गया। डॉक्टरों ने बताया कि रूबी को आगे भी नियमित दवाएं लेने और समय-समय पर जांच कराने की जरूरत होगी। रूबी ने कहा कि डायलिसिस के दौरान उनका जीवन काफी मुश्किल हो गया था। पति ने किडनी दान कर उन्हें नई उम्मीद दी है। वह इस तोहफे के लिए पति की आभारी हैं। संजय ने बताया कि पत्नी को परेशानी में देखकर उन्होंने अंगदान का फैसला लिया। अब रूबी की हालत में सुधार होने से उन्हें राहत मिली है। ट्रांसप्लांट के बाद दोनों की सेहत स्थिर होने पर अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। करवा चौथ से पहले संजय की ओर से दिया गया यह तोहफा रूबी के लिए जिंदगी की सबसे अनमोल सौगात बन गया।

अलग-अलग ब्लड ग्रुप होने के बावजूद डॉक्टरों ने किया सफल किडनी ट्रांसप्लांट



शशकासन से मिलेगा तनाव व कमर दर्द से राहत



नई दिल्ली, (एजेंसियां)। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव, चिंता और कमर दर्द आम समस्या बनकर रह गई है। ऐसे में शशकासन एक ऐसा योगासन है, जो न सिर्फ मन को शांत और शरीर को भी रिलैक्स बनाता है। इसके रोजाना अभ्यास से न केवल रीढ़, कंधों और पीठ को आराम मिलता है बल्कि मानसिक तनाव से भी आराम मिलता है। शशकासन दो शब्दों से मिलकर बना है - शशक यानी खरगोश और आसन यानी मुद्रा। इस आसन में शरीर की आकृति खरगोश जैसी बन जाती है, इसलिए इसे शशकासन कहा जाता है। आयुष मंत्रालय इसे रोजाना करने की सलाह देता है। शशकासन तनाव, चिंता और गुस्से को कम करने वाला एक प्रभावी योगासन है, जो मन को शांत करता है। यह पीठ के निचले हिस्से, रीढ़ की हड्डी के लचीलेपन और पाचन तंत्र को सुधारने के साथ-साथ एड्रेनल ग्रंथि को नियंत्रित करने में सहायक है, जिससे यह बच्चों और वयस्कों के उत्तम स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद है। इस आसन के नियमित अभ्यास से शरीर को कई तरह के लाभ मिलते हैं। यदि हो सके, तो अभ्यासकर्ता इसे शांत वातावरण में ही करें। इसे करने के लिए सबसे बेहतर योग मैट पर वज्रासन में बैठ जाएं। आपकी रीढ़ सीधी होनी चाहिए।

इलाहाबाद हाईकोर्ट में जस्टिस अजय भनोट की अदालत में वकीलों का हंगामा, कोर्ट रूम नंबर 49 में तोड़फोड़

प्रयागराज के इलाहाबाद हाईकोर्ट परिसर में आज सुबह जस्टिस अजय भनोट की कोर्ट रूम नंबर 49 में वकीलों ने भारी हंगामा किया और तोड़फोड़ की। घटना इतनी गंभीर हो गई कि सुरक्षाबलों को जस्टिस भनोट को पिछले दरवाजे से सुरक्षित बाहर निकालना पड़ा।? मामले की जड़ 27 अक्टूबर को हुई घटना में छिपी है। हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अनुसार, जस्टिस भनोट ने कोर्ट रूम में पुलिस अधिकारियों व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के लिए अगली पंक्ति में अलग कुर्सी रखने की प्रथा शुरू की है। एक मामले में सुनवाई के दौरान औरैया के पुलिस अधीक्षक अभिषेक भारती अतिरिक्त सरकारी अधिवक्ता के पीछे बैठे थे। एक अधिवक्ता ने सम्मानपूर्वक उनसे पीछे बैठने को कहा कि ह्वयह आपकी सीट नहीं है ह्व इस पर अधिवक्ता को डांटा गया और जज से शिकायत करने की बात कही गयी। जस्टिस भनोट के आने पर शिकायत की गई, जिसके बाद कथित तौर पर जज ने अधिवक्ता की ओर उंगली उठाते हुए कड़े शब्दों में जेल भेजने की बात कही। अधिवक्ता के माफी मांगने पर उन्हें पुलिस अधिकारी से भी माफी मांगने को मजबूर किया गया। एसोसिएशन का यह भी आरोप है कि कोर्ट में मौजूद वरिष्ठ अधिवक्ता बी.पी./वी.पी. श्रीवास्तव का मजाक उड़ाया गया।?





इस घटना से नाराज हाईकोर्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष डॉ. सी.पी. उपाध्याय और महासचिव संतोष कुमार मिश्रा ने 27 अक्टूबर को मुख्य न्यायाधीश को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की और चेतावनी दी कि उचित कार्रवाई न होने पर जस्टिस भनोट की अदालत का बहिष्कार किया जाएगा। पत्र में कहा गया कि अगर कोर्ट वकील का अपमान करने के लिए स्वतंत्र है तो वकील भी कोर्ट का अपमान करने से नहीं हिचकेगा।?28 अक्टूबर की सुबह स्थिति बिगड़ गई। वकीलों ने कोर्ट रूम नंबर 49 में प्रवेश कर तोड़फोड़ की और हंगामा किया। सुरक्षाबलों ने तुरंत सक्रिय होकर जस्टिस भनोट को पिछले दरवाजे से सुरक्षित परिसर से बाहर निकाला। हाईकोर्ट परिसर में तनावपूर्ण माहौल रहा और बार एसोसिएशन की बहिष्कार की धमकी के बीच स्थिति अभी भी संवेदनशील बनी हुई है।

फोर्टिस हॉस्पिटल नोएडा में जोखिम भरी गर्भावस्था की देखभाल के बाद 25 वर्षीय स्ट्रोक सर्वाइवर ने शिशु को जन्म दिया

नोएडा । जब परिवार करवा चौथ का पर्व मना रहे हैं, जो जीवनसाथी के स्वास्थ्य और दीर्घायु की प्रार्थना से जुड़ा है, ऐसे में एक युवा दंपती की यात्रा, जो एक अप्रत्याशित चिकित्सीय आपात स्थिति से शुरू होकर माता-पिता बनने तक पहुंची, समय पर उपचार और परस्पर सहयोग के महत्व को रेखांकित करती है। एक 25 वर्षीय स्ट्रोक सर्वाइवर ने हाल ही में जोखिम भरी वाली गर्भावस्था के दौरान चिकित्सकीय निगरानी के बाद फोर्टिस हॉस्पिटल नोएडा में एक स्वस्थ बेटे को जन्म दिया। उनकी चिकित्सीय यात्रा कुछ वर्ष पहले, विवाह से कुछ समय पूर्व, तब शुरू हुई जब उन्हें अचानक दाईं आंख से धुंधला दिखाई देने लगा। लक्षण शुरू होने के दो घंटे के भीतर उन्हें फोर्टिस हॉस्पिटल नोएडा लाया गया। जांच में एक्यूट इस्कीमिक स्ट्रोक की पुष्टि हुई, जो तब होता है जब रक्त का थक्का मस्तिष्क के किसी हिस्से में रक्त प्रवाह को बाधित कर देता है। मूल्यांकन के बाद, डॉ. ज्योति बाला शर्मा, डायरेक्टर, न्यूरोलॉजी, फोर्टिस हॉस्पिटल नोएडा के नेतृत्व में न्यूरोलॉजी टीम ने उपचार के लिए पात्र समय-सीमा के भीतर थ्रोम्बोलिसिस, यानी थक्का घोलने वाला उपचार, दिया। मोहित सिंह, ज़ोनल डायरेक्टर, फोर्टिस हॉस्पिटल नोएडा, ने कहा, 'करवा चौथ जैसे अवसर परिवार की सेहत और एक-दूसरे के साथ बने रहने की उम्मीदों को केंद्र में ले आते हैं।

बीईओ ने एमडीएम योजना की परखी गुणवत्ता



सूर्योदय भास्कर संवाददाता

तिलोई ,अमेठी। विकास क्षेत्र सिंहपुर की ग्राम पंचायत रस्तामऊ स्थित प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को खण्ड शिक्षा अधिकारी ने एमडीएम योजना के तहत पकाये गये भोजन का लुत्फ उठाया और एमडीएम की गुणवत्ता परखी। खण्ड शिक्षा अधिकारी पूजा सिंह ने बताया कि सरकार द्वारा परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा दीक्षा ग्रहण करने वाले बच्चों को दोपहर में नियमित विटामिन व कैलोरी युक्त पका पकाया भोजन परोसा जाता है। उन्होंने बताया कि बुधवार को प्राथमिक विद्यालय रस्तामऊ का औचक निरीक्षण किया गया यहां पर नामांकित एक सौ दो के सापेक्ष अठानवे बच्चे उपस्थित रहे जिनको दोपहर में मेन्यू के अनुसार तहरी परोसी जा रही थी। एमडीएम योजना के तहत बनाये गये भोजन की गुणवत्ता परखते हुये खण्ड शिक्षा अधिकारी पूजा सिंह ने स्वयं बच्चों के बीच बैठकर भोजन ग्रहण किया और कहा कि नियमित एक अभिवावक या फिर जनप्रतिनिधि को भोजन पर आमंत्रित किया जाय और भोजन की गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखा जाय। प्राथमिक विद्यालय रस्तामऊ के प्रभारी प्रधानाध्यापक ध्रुवराज पासी द्वारा इसके पूर्व बच्चों को गरमा गरम दूध वितरित किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी पूजा सिंह ने बताया कि परिषदीय विद्यालयों के औचक निरीक्षण में एमडीएम योजना के सुचारु रूप से संचालन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

शिक्षक एमएलसी उमेश द्विवेदी की जीत पर शिक्षण संस्थानों में मना जश्न



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

सीतापुर। शिक्षक एमएलसी उमेश द्विवेदी की जीत पर कस्बे की शिक्षण संस्थाओं में खुशी का माहौल देखने को मिला। प्रेमनगर दक्षिणी स्थित यूनिवर्सल हाईस्कूल में प्रबंधक यूनुस अली ने शिक्षकों को गुलाल लगाकर और मिष्ठान्न खिलाकर जीत की बधाई दी।इस अवसर पर प्रबंधक यूनुस अली ने कहा कि शिक्षक हितों के लिए किए गए कार्यों के चलते उमेश द्विवेदी को पुनः जीत हासिल हुई है। लखनऊ खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से उनकी जीत शिक्षकों के लिए हर्ष का विषय है। वहीं, विद्यालय की प्रधानाचार्या ज्योतिका तिवारी ने भी शिक्षक-शिक्षिकाओं को मिष्ठान्न खिलाकर बधाई दी।इस दौरान शिक्षक पीयूष मिश्रा, बबलू जायसवाल, रामलखन, राजेश कुमार, अनुराग वर्मा, कमलेश वर्मा, राहुल यादव, सचिन यादव तथा शिक्षिकाएं नाजमीन, इकरा और नैंसी वर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। सभी में जीत को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया।

मंडल रेल प्रबंधक ने डीडीयू जंक्शन पर संरक्षा व्यवस्था एवं विकास कार्यों का किया निरीक्षण

टीआरडी डिपो, यार्ड में ट्रैक एवं पॉइंट्स का निरीक्षण

ब्यूरो सूर्योदय भास्कर

चंदौली - पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना ने बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन पर निरीक्षण कर संरक्षा व्यवस्था एवं विभिन्न विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों से व्यवस्थाओं एवं कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त की।निरीक्षण के क्रम में मंडल रेल प्रबंधक ने डीडीयू जंक्शन यार्ड के निकट स्थित ट्रैक्शन वितरण विभाग के ओएचई एवं पीएसआई डिपो का निरीक्षण किया तथा वहां उपलब्ध उपकरणों एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इसके बाद जीटीआर ब्रिज के पास डीडीयू जंक्शन यार्ड में ट्रैक के साथ पॉइंट्स एवं क्रॉसिंग का संरक्षात्मक निरीक्षण किया। पॉइंट्स एवं क्रॉसिंग के निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्ट्रेचर बार, संबंधित फिटिंग्स तथा पॉइंट्स के संचालन तंत्र का जायजा लिया।

ट्रैक निरीक्षण के दौरान उन्होंने ट्रैकमेन से संवाद कर नियमित निरीक्षण में रेल, स्लीपर, फिटिंग्स एवं ट्रैक की समग्र स्थिति से संबंधित निर्धारित बिंदुओं के बारे में जानकारी प्राप्त की।उन्होंने निर्धारित निरीक्षण प्रक्रिया का पालन करने,सभी आवश्यक पहलुओं पर ध्यान देने तथा संरक्षा के प्रति निरंतर सजगता बनाए रखने पर जोर दिया।

मंडल रेल प्रबंधक ने मुख्य आरआरआई भवन से जीटीआर ब्रिज तक के क्षेत्र का अवलोकन किया। साथ ही,इस क्षेत्र में यार्ड से जल निकासी व्यवस्था एवं स्थिति का भी जायजा लिया और इस पूरे क्षेत्र को व्यवस्थित एवं साफ-सुथरा बनाए रखने पर जोर दिया।इसके अतिरिक्त,उन्होंने डीडीयू जंक्शन के गेट संख्या 3 के पास विकसित किए जा रहे पार्किंग क्षेत्र एवं रास्ते के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने भूमि के समतलीकरण एवं संबंधित अन्य शेष कार्यों को शीघ्र पूरा करने पर जोर दिया ताकि आगे की आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कर सुविधा का लाभ आमजन को जल्द उपलब्ध कराया जा सके।

कैंसर पीड़ित साबिर को 25 हजार और मृतक दर्शन के परिवार को 50 हजार की मदद

पूर्व मंत्री पवन पांडेय ने पीड़ित परिवारों से मिलकर हर संभव सहयोग का5 दिया भरोसा



अयोध्या। पूर्व मंत्री तेजनारायण पांडेय पवन ने समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव के साथ कैंसर पीड़ित और बीमारी से जान गंवाने वाले पार्टी कार्यकताओं के परिवारों से मुलाकात कर आर्थिक सहायता प्रदान की।

पूर्व मंत्री ने मकबरा निवासी बूथ प्रभारी साबिर हुसैन (45) को 25 हजार रुपये की आर्थिक मदद दी। साबिर हुसैन पुत्र सरवर हुसैन कैंसर से पीड़ित हैं। उनके परिवार में तीन बच्चे हैं। इसके अलावा नया घाट, अयोध्या धाम निवासी बूथ प्रभारी दर्शन यादव (40) की कैंसर से मृत्यु होने पर उनके परिवार को 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी। दर्शन यादव पुत्र जवाहिर यादव के परिवार में उनकी मां, पत्नी, एक बेटा और दो बेटियां हैं।

इस दौरान पूर्व मंत्री पवन पांडेय ने कहा कि समाजवादी पार्टी संकट की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। भविष्य में भी उन्हें किसी तरह की जरूरत होगी तो पार्टी की ओर से हर संभव सहयोग किया जाएगा।

सपा प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया कि इस मौके पर महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, महासचिव हामिद जाफर मीसम, उपाध्यक्ष चौधरी श्रीचंद यादव, वीरेंद्र गौतम, फरीद कुरैशी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

आकाश आनंद की सभा में हजारों कार्यकर्ता जुटाने की तैयारी, बसपा ने बनाई रणनीति

गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र की बैठक में संगठन मजबूत करने पर जोर

अयोध्या, 28 अक्टूबर। बीकापुर विधानसभा क्षेत्र के सोहावल ब्लॉक में 20 नवंबर को बसपा के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद की प्रस्तावित सभा में गोसाईगंज विधानसभा क्षेत्र से हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे। इसकी तैयारी को लेकर लालगंज तिराहे स्थित नमन मैरिज लॉन में बसपा की विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता बैठक हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए बसपा अयोध्या मंडल के मुख्य जोन प्रभारी दिलीप कुमार विमल ने केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नौजवान, किसान और बेरोजगार सत्ता परिवर्तन के मूड में हैं। कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्रों में सामाजिक भाईचारा बढ़ाते हुए संगठन को मजबूत करें और आगामी विधानसभा चुनाव में बसपा उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए जुट जाएं। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती से मायावती को पांचवीं बार पूर्ण बहुमत के साथ मुख्यमंत्री बनाने का लक्ष्य पूरा किया जा सकता है।

बैठक की अध्यक्षता मंडल प्रभारी प्रदीप भारती ने की, जबकि संचालन गोसाईगंज विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र भारती ने किया।

इस दौरान जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार पासी, विधानसभा प्रभारी वीरेंद्र कुमार गौतम, राम प्रकाश पाल, राम भारत वर्मा, हरीनाथ राव, रामानंद, कन्हैयालाल, इंद्र किशोर उर्फ अंजनी कुमार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य राम नेवल वर्मा और सियाराम वर्मा, जियालाल भारती, लल्लन पासवान, गजराज चौधरी, सोनू सिंह, राम धीरज पासवान, ग्राम प्रधान जयप्रकाश भारती, ग्राम प्रधान अनिल कुमार, अभय राव, जीत बहादुर, दीपू कोरी और विश्वनाथ कुमार सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मनुष्य धर्म की राह पर चलकर जीवन को सार्थक बना सकता है : डॉ. सुमनलता

लोधवरिया में चल रही श्रीमद भागवत कथा में समाजसेवी रोहित सिंह ने कथा वाचिका के साथ ही जनप्रतिनिधियों को किया सम्मानित



सूर्योदय भास्कर संवाददाता

तिलोई अमेठी,क्षेत्र के गांव लोधवरिया में चल रही श्रीमद भागवत कथा में उत्तराखण्ड के यमुनोत्री धाम से पधारी कथा वाचिका डॉ. सुमनलता उनियाल ने श्रीमद भागवत कथा की महिमा का वर्णन करते हुये कहा कि धार्मिक मान्यता के अनुसार शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को कथाषष्ठम दिवस भागवत कथा भगवान की रास लीलाओं से ओत प्रोत सुदामा संवाद तथा उद्धव संवाद आदि रोचक कथाएं भक्तों ने श्रवण की रासलीला तो मानो हमारे चित्त वृत्ति बन गई वही उद्धव संवाद में करुणा एवं वात्सल्यता प्रेम सखियों का फूट पड़ता है इसी में भगवान ने कंस के अभियान का एवं दूसरा का मर्दन किया उसके मर्दन के पश्चात भगवान श्रीकृष्ण का रुक्मणी जी के साथ विवाह उत्सव धूमधाम से मनाया गया जिसके माध्यम से श्रद्धालुओं को संदेश दिया गया कि भगवान की भक्ति, सदाचार और धर्म के मार्ग पर चलना ही जीवन को सार्थक बनाने का माध्यम है।कथा के यजमान सुमन कुमार त्रिपाठी एवं गीता त्रिपाठी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ व्यास पीठ का पूजन कर कथा वाचिका डॉ सुमनलता उनियाल का फूल मालाओं से स्वागत किया। समाजसेवी रोहित सिंह रजनपुर द्वारा श्रोताओं को प्रसाद वितरित किया गया और कथा वाचिका के साथ ही अन्य तमाम जनप्रतिनिधियों को प्रतीक चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया।इस मौके पर समाज सेवी रोहित सिंह,राकेश त्रिपाठी, बचान तिवारी, मोनू जायसवाल, ददन तिवारी,सरोज तिवारी, सुजीत मिश्रा,राजीव सिंह एडवोकेट, दुर्योधन सिंह, रोहित त्रिपाठी, बृजेंद्र सिंह, आदर्श शुक्ला,शरद गुप्ता, अम्बरीश त्रिपाठी,विनोद कुमार मिश्रा, राजेश पाण्डेय, अनिल कुमार बाजपेई सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

भाजपा जिला कार्यालय में सबसे ऊँचे सरदार विषय पर विचार गोष्ठी आयोजित

सरदार वल्लभभाई पटेल के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र की एकता एवं अखंडता बनाए रखने का लिया संकल्प



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो

सीतापुर। लौह पुरुष, भारत रत्न एवं अखंड भारत के शिल्पकार सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती (31 अक्टूबर) के पूर्व भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यालय, सीतापुर में ह्यसबसे ऊँचे सरदारह्न विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में वक्ताओं ने सरदार पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता और सामाजिक समरसता के प्रति उनके योगदान को याद किया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं सीतापुर के पूर्व सांसद राजेश वर्मा उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त बिसवां विधायक निर्मल वर्मा, मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव, सिधौली विधायक मनीष रावत तथा लहरपुर के पूर्व विधायक सुनील वर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। गोष्ठी में बोलते हुए राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं निवर्तमान सांसद राजेश वर्मा ने सरदार पटेल के संपूर्ण जीवन एवं उनके राष्ट्र के प्रति योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला और आए हुए अभियान की सफलता के लिए कार्यकताओं का आवाहन भी किया। जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि सबसे ऊंचे सरदार अभियान प्रत्येक भारद्वासी की आत्मा से जुड़ा हुआ अभियान सरदार पटेल ने अखंड भारत के लिए जो प्रयास किए हैं इस कार्य की महानता को कभी शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता हम उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं और भारतीय जनता पार्टी सरदार पटेल को अपना आदर्श मानती है इस अवसर पर

सुधाकर शुक्ला विपुल प्रताप सिंह , रेखा पटेल वर्मा ,जिला उपाध्यक्ष विश्राम सागर जी महेंद्र वर्मा महेश शर्मा जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद बिसवां श्याम किशोर वर्मा सम्मानित जिला अध्यक्ष पिछड़ा मोर्चा संतोष प्रजापति ,महिला मोर्चा कुसुम सिंह ,अनुसूचित मोर्चा राजकिशोर कनौजिया , सम्मानित ब्लॉक प्रमुख लहरपुर उमाशंकर वर्मा बेहटा नीरज वर्मा झल्लर सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे

दिल्ली रैली की तैयारी में जुटी अयोध्या कांग्रेस, जिला प्रभारी ने की समीक्षा



अयोध्या। एक नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रस्तावित कांग्रेस की रैली की तैयारियों की समीक्षा करने बुधवार को जिला प्रभारी वीरेंद्र प्रताप नारायण पांडे कमला नेहरू भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय पहुंचे। जिला अध्यक्ष चेतनारायण सिंह और महानगर अध्यक्ष सुनील कृष्णा गौतम के नेतृत्व में कार्यकताओं ने उनका स्वागत किया।

जिला प्रभारी ने रैली की सफलता के लिए कार्यकताओं से सक्रियता और समन्वय के साथ जुटने की अपील की। चेतनारायण सिंह ने कहा कि अयोध्या से बड़ी संख्या में कांग्रेसजन दिल्ली रैली में शामिल होंगे। महानगर अध्यक्ष ने भी वार्ड स्तर पर तैयारियां तेज करने की बात कही।

बैठक में राजेंद्र प्रताप सिंह, उग्रसेन मिश्रा, रेनू राय, रामेंद्र त्रिपाठी, जय प्रताप गुप्ता, मोहम्मद आमिर, अनिल तिवारी सहित अन्य कांग्रेसजन मौजूद रहे।

कम्पोजिट विद्यालय गनौली में लर्निंग बाय डूइंग लैब बनी ज्ञान की प्रयोग प्रयोगशाला

›› किताब से ज्यादा जिंदगी से सीखना और डर से ज्यादा करके देखना

›› किचन से लेकर सोलर कार से विज्ञान के प्रयोग तक हर सप्ताह गतिविधियों के जरिए हो रही पढ़ाई



मवई अयोध्या। शिक्षा क्षेत्र रूदौली के कम्पोजिट विद्यालय गनौली में किताबों का ज्ञान अब प्रयोगों और गतिविधियों के जरिए हकीकत में बदल रहा है।बच्चों को समग्र शिक्षा अभियान के तहत लर्निंग बाय डूइंग प्रयोगशाला के माध्यम से करके सीखने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। यहां विद्यार्थी विज्ञान की अवधारणाओं को समझने के साथ ही रोजमर्रा के जीवन से जुड़ी गतिविधियों में भी बढ़चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं। सप्ताह में एक दिन शुक्रवार या शनिवार को विद्यालय में विशेष गतिविधि कराई जाती है जिसमें बच्चे उत्साह के साथ सीखने की प्रक्रिया में शामिल होते हैं।

कम्पोजिट विद्यालय गनौली की विज्ञान शिक्षिका सुजाता चौरसिया बच्चों को प्रयोगात्मक गतिविधियों के माध्यम से विज्ञान समझाती हैं।महिला शिक्षिका द्वारा सोलर कार बनाने जैसी गतिविधियों से विद्यार्थियों को सौर ऊर्जा और उसके उपयोग की जानकारी दी जाती है। वहीं खिचड़ी बनाने की गतिविधि के जरिए बच्चों को सामग्री की पहचान,मात्रा, स्वच्छता और खिचड़ी में पड़ने वाली सामग्री से कौन कौन से विटामिन और पौष्टिक आहार शरीर को मिलते हैं इसके बारे विस्तार से जानकारी दी जाती है और हर काम को व्यवस्थित ढंग से करने जैसे व्यावहारिक पहलुओं से परिचित कराया जाता है। इस तरह पढ़ाई को कक्षा की चारदीवारी से आगे बढ़ाकर जीवन से जोड़ने का बेतरीन प्रयास किया जा रहा है।

यह पहल प्रदेश सरकार द्वारा जारी समग्र शिक्षा अभियान,निपुण भारत मिशन और सब पढ़ें सब बढ़ेंह्न की भावना के अनुरूप बच्चों में जिज्ञासा, रचनात्मकता और तार्किक सोच विकसित करने में सहायक है। रक्त परिसंचरण जैसे विज्ञान के जटिल विषयों को भी मॉडल और गतिविधियों के जरिए विज्ञान शिक्षिका सुजाता चौरसिया सरलता द्वारा सरलतापूर्वक समझाया जाता है।

विद्यालय के प्रधानाध्यापक अकील अहमद ने कहा कि बच्चों को केवल किताबी ज्ञान देने के बजाय उन्हें गतिविधियों के माध्यम से सीखने का अवसर देना जरूरी है। लर्निंग बाय डूइंग प्रयोगशाला का उद्देश्य बच्चों में सीखने के प्रति रुचि बढ़ाना और उन्हें व्यावहारिक ज्ञान से जोड़ना है। सप्ताह में एक दिन होने वाली गतिविधियों से बच्चे नई नई चीजें सीखते हैं और उन्हें अपने अनुभवों से समझने का अच्छा अवसर मिलता है।विज्ञान शिक्षिका सुजाता चौरसिया ने कहा बच्चे जब खुद किसी गतिविधि को करके देखते हैं तो विषय को आसानी से समझ पाते हैं। सोलर कार जैसी गतिविधियों से विज्ञान के सिद्धांतों को समझाने का प्रयास किया जाता है। खिचड़ी बनाने जैसी गतिविधियां भी बच्चों को व्यवहारिक जीवन से जुड़ी बातें सिखाई जाती हैं।उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि बच्चे सवाल पूछें खुद प्रयोग करें और रुचि के साथ सीखें।

विद्यालय में गतिविधि आधारित शिक्षण का यह प्रयास बच्चों को रटने के बजाय समझकर सीखने और अपने ज्ञान को व्यवहार में उतारने के लिए खूब अच्छी तरह से प्रेरित कर रहा है।

लखनऊ में 'सरना स्टोनेक्स' में आइकॉन - वर्ल्ड ऑफ टाइल भव्य शोरूम का शुभारंभः प्रीमियम मार्बल और टाइल्स की एक्सक्लूसिव रेंज उपलब्ध



२राजधानी लखनऊ के चिनहट क्षेत्र में प्रीमियम मार्बल, स्टोन और टाइल्स के नए अत्याधुनिक शोरूम 'सरना स्टोनेक्स प्राइवेट लिमिटेड' में विश्वस्तरीय टाइल्स ब्रांड 'आइकॉन - वर्ल्ड ऑफ टाइल' का भव्य शुभारंभ हुआ। इस नए शोरूम में ग्राहकों व आर्किटेक्ट्स की पसंद को ध्यान में रखते हुए विश्वस्तरीय टाइल्स ब्रांड 'आइकॉन - वर्ल्ड ऑफ टाइल' के प्रीमियम और डिजाइनर कलेक्शंस प्रदर्शित किए गए हैं।

?शोरूम के उद्घाटन अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिकों, प्रख्यात आर्किटेक्ट्स, इंटीरियर डिजाइनर्स और उद्योग जगत के प्रतिनिधियों ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान आयोजकों ने बताया कि इस शोरूम का मुख्य उद्देश्य लखनऊ और आसपास के क्षेत्रों के लोगों को एक ही छत के नीचे प्रीमियम क्वालिटी मार्बल, नेचुरल स्टोन्स और नवीनतम टाइल डिजाइन्स की विस्तृत रेंज उपलब्ध कराना है।

?प्रदर्शनी में फ्लोरिंग, वॉल डेकोरेशन और मॉडर्न इंटीरियर के लिए खास तौर पर तैयार की गई लक्जरी टाइल्स और स्टोन कलेक्शंस का अनावरण किया गया। नए शोरूम के शुरू होने से घर, ऑफिस और व्यावसायिक भवनों के इंटीरियर व एक्सटीरियर को आधुनिक और भव्य रूप देने के लिए ग्राहकों को बेहतरीन विकल्प मिल सकेंगे।

बीघापुर में 22 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद, एक महिला गिरफ्तार



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो...

उन्नाव / बीघापुर, 27 अक्टूबर 2026 जिले में अवैध मदिरा की बिक्री व परिवहन पर रोकथाम के लिए चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के तहत आबकारी विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है।

जिला आबकारी अधिकारी, उन्नाव श्री अनुराग मिश्र ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप आबकारी आयुक्त, उत्तर प्रदेश के आदेश पर यह अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, संयुक्त आबकारी आयुक्त लखनऊ जोन व उप आबकारी आयुक्त लखनऊ प्रभार के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी के कुशल नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

दिनांक 27-10-2026 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-5 बीघापुर श्रीमती प्रतिभा सिंह द्वारा हमराह स्टाफ एवं थाना बिहार पुलिस के साथ तहसील बीघापुर के थाना बिहार अंतर्गत ग्राम अकवारा में दबिश दी गई। दबिश के दौरान मौके से 22 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई।

इस मामले में एक अभियुक्ता के विरुद्ध थाना बिहार में आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

गिरफ्तार अभियुक्ताःशिव दुलारी पत्नी स्व. बुद्धिलाल, निवासी ग्राम अकवारा, थाना बिहार, जनपद उन्नाव*

वक्फ संपत्तियों पर प्रॉपर्टी डीलरों की नजर,नियमों के विरुद्ध बेचने के आरोप

जिले में वक्फ सम्पति कर रहे सेल,की जांच की मांग



सूर्योदय भाष्कर ब्यूरो चीफ

बिजनौर । जनपद बिजनौर के किरतपुर नगर में वक्फ संपत्तियों को लेकर सवाल उठने लगे हैं। मोहल्ला काजियान और आसपास के क्षेत्रों में स्थित बताई जा रही वक्फ संपत्तियों पर कथित रूप से प्रॉपर्टी डीलरों की नजर होने की चर्चा है। आरोप है कि कुछ लोग गलत तरीके से बैनामा कराकर इन संपत्तियों को बेचने का प्रयास कर रहे हैं। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो इससे सरकारी नियमों की अनदेखी के साथ वक्फ संपत्तियों के संरक्षण पर भी सवाल खड़े हो सकते हैं।

स्थानीय स्तर पर आरोप लगाए जा रहे हैं कि संपत्तियों के स्वामित्व और अभिलेखों की स्थिति स्पष्ट किए बिना ही उनकी खरीद-फरोख्त की जा रही है। संबंधित संपत्तियां वास्तव में वक्फ की हैं , उनके राजस्व अभिलेखों नगरपालिका मे भी नाम दर्ज है और यदि कोई बैनामा हुआ है तो वह किन दस्तावेजों के आधार पर कराया गया है।

मामले में प्रदेश सरकार की ओर से वक्फ संपत्तियों के संरक्षण और अवैध कब्जों को लेकर लागू नियमों के पालन पर भी ध्यान देने की जरूरत है। स्थानीय लोगों की मांग है कि वक्फ सम्पत्ति जो नगर पालिका और लखनऊ मे भी वक्फ दर्ज है। जिसका मामला लखनऊ वक्फ बोर्ड मे और बिजनौर मे चल रहा है, यह वक्फ सम्पत्तिया मोहल्ला काजियान और आसपास की बताई जा रही है ` नगरपालिका किरतपुर के अधिशासी अधिकारी मेघा गुप्ता ने फोन पर हुई वार्ता में बताया कि इस सम्बन्ध में उन्हें कोई जानकारी नही है अगर ऐसा हुआ है तो वह स्वयं जानकारी कर उचित कार्यवाही करेगी`


उन्नाव के बीघापुर में श्री शिव महापुराण कथा का भव्य आयोजन,बीघापुर में 30 अक्टूबर से होगी श्री शिवमहापुराण कथा

...पंडित प्रदीप मिश्रा जी द्वारा श्री शिव पुराण कथा का आयोजन..



उन्नाव/बीघापुर।
जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष अरुण सिंह ने कथा स्थल पर आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि 30 अक्टूबर 2026 दिन शुक्रवार से 5 नवंबर 2026 दिन गुरुवार तक भगवंतनगर विधानसभा अंतर्गत बीघापुर के गौरी गांव में बीघापुर में श्री शिव महापुराण कथा का भव्य आध्यात्मिक और भक्ति मय आयोजन किया जा रहा है।
उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश सीहोर के प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा जी के श्री मुख से पावन श्री शिव पुराण कथा का श्रवण प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक कराया जाएगा। कथा को लेकर जोर-शोर से तैयारी अंतिम चरण में है।
अरुण सिंह ने बताया कि कथा स्थल को 36 अलग-अलग सेक्टरों में बांटा गया है और हर सेक्टर में महिला और पुरुष की 22-22 सदस्यीय टीम कथा के दौरान मौजूद रहेगी। बाहर से आ रहे लोगों की सुविधा के लिए कथा स्थल पर 25 पानी के टैंकर, 120 मोबाइल शौचालय, अस्पताल और अन्य आवश्यक जानकारी के लिए कार्यालय खोले गए हैं। मीडिया के लिए अलग स्थान आरक्षित किया गया है।
29 अक्टूबर की शाम 5:00 बजे कथा व्यास पं. प्रदीप मिश्रा जी और उनकी टीम का उन्नाव में आगमन होगा। 30 अक्टूबर को सुबह 7:00 बजे बीघापुर में श्री गोदावलेश्वर मंदिर से कलश यात्रा प्रारंभ होगी। कलश यात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर कथा स्थल पर आकर संपन्न होगी।
आयोजन समिति ने अपील की है कि कलश यात्रा में शामिल होने वाली माताएं-बहनें अपना कलश लेकर आएंगी और व्यास पीठ पर स्पर्श कराकर उसे अपने घर ले जाकर स्थापित करेंगी। मंच के पास कोई कलश नहीं रखा जाएगा।
कथा स्थल पर प्रशासन और आयोजन समिति द्वारा 5 द्वार बनाए गए हैं, जिसमें 4 आम जनता के लिए और एक द्वार वीआईपी के लिए होगा। प्रदेश सरकार व अन्य प्रदेशों के कई विशिष्ट लोगों के आगमन की सूचना के चलते कथा स्थल पर ही हेलीपैड बनाया गया है।
उन्होंने बताया कि लगभग 2.5 लाख स्क्वायर फीट में पंडाल बनाया गया है जिसके अंदर 8 प्रवेश द्वार हैं। पंडाल के अंदर 70 से 80 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। शिव भक्तों के लिए लगभग 20 पार्किंग की व्यवस्था, चिकित्सा के लिए 20 बेड की व्यवस्था की गई है। कथा पूर्णतः निःशुल्क रहेगी और किसी भी प्रकार का वितरण नहीं होगा।
पत्रकार वार्ता के दौरान प्रमुख रूप से सेम डे के एम डी संजय पांडे,विमल द्विवेदी,निर्भय सिंह लाला, लाल सिंह, विनोद सिंह, अमित गुप्ता, अभय सिंह, अशोक सिंह, आदर्श सिंह, कार्तिकेय दीक्षित, शीतला प्रसाद पांडे, सन्नो देवी, रामू अवस्थी, अंकित गुप्ता, विनीत सिंह, समीर शुक्ला, प्राचीन्द्र मिश्रा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

घर के झरोखे में मिले उल्लू के छह बच्चे, दीपावली की सफाई के दौरान हुआ खुलासा, मां के छोड़कर जाने के बाद वन विभाग ने संभाली जिम्मेदारी



सूर्योदय भाष्कर ब्यूरो
बिजनौर । शहर बिजनौर में दीपावली की सफाई के दौरान एक मकान के झरोखे में उल्लू के छह बच्चे मिलने का मामला सामने आया है। इन नन्हे पक्षियों की देखभाल की जिम्मेदारी वन विभाग ने संभाल ली है। विभाग की टीम उनके खान-पान और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रख रही है।
मामला बिजनौर की कृष्णा विहार कॉलोनी का है। यहां जगदीश कुमार के घर में दीपावली की सफाई चल रही थी। इसी दौरान मकान के एक झरोखे में उल्लू के छह बच्चे दिखाई दिए। घर में इतनी संख्या में नन्हे पक्षियों को देखकर उन्होंने उनकी सुरक्षा के लिए वन विभाग को सूचना दी। बताया गया कि मकान के झरोखे में जाली लगा दी गई थी। इसके बाद उल्लू की मां अपने बच्चों को छोड़कर चली गई, जिससे उनकी देखभाल करना जरूरी हो गया।
सूचना मिलने पर जगदीश कुमार ने बिना देर किए सभी छह बच्चों को वन विभाग की टीम के हवाले कर दिया। इसके बाद उन्हें वन विभाग के रेंज कार्यालय लाया गया, जहां दो पिंजरों में रखकर उनकी परवरिश की जा रही है।
इन नन्हे उल्लुओं के खान-पान का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। उनकी देखभाल में जुटे लोगों के अनुसार, ये बच्चे शाम को अंधेरा होने के बाद ही खाना शुरू करते हैं। वन विभाग बिजनौर के रेंजर महेश गौतम ने बताया कि शुरूआत में उन्हें आधा किलो चिकन दिया गया था, जिसे सभी बच्चों ने मिलकर खा लिया। इसके बाद उनकी भूख को देखते हुए रोजाना एक किलो चिकन दिया जाने लगा।
वन विभाग की टीम इन बच्चों को स्वस्थ रखने और उनके बड़े होने तक उचित देखभाल करने में जुटी है। सभी छह बच्चों को बार्न प्रजाति का उल्लू बताया जा रहा है। फिलहाल उनकी परवरिश वन विभाग की निगरानी में की जा रही है, ताकि बड़े होने पर उन्हें उनके प्राकृतिक वातावरण में लौटाया जा सके

जिलाधिकारी की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों एवं एन कार्ड की बैठक सम्पन्न।



पीलीभीत। जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में अभियोजन कार्यों एवं एन कार्ड की समीक्षा बैठक गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में शासकीय अधिवक्तावार अभियोजन वादों का विवरण, जमानत प्रार्थना पत्रों के निस्तारण, दोषमुक्त हुये वादो में योजित अपीलों का विवरण, समन और वारंट के तामीला विवरण, गवाहों की स्थिति, सत्र न्यायालय में स्वीकृत/अस्वीकृत जमानतों आदि का विवरण प्रस्तुत किया गया। अभियोजन सम्बन्धी कार्यों की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने पास्को, एससी, एसटी एक्ट, गैंगस्टर, बलात्कार, महिला/बच्चों अपराधों सम्बन्धी मुकदमों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि महिला/बच्चों सम्बन्धी अपराधों व बलात्कार सम्बन्धी प्रकरणों की सुनवाई प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जाये। बैठक के दौरान जिलाधिकारी को समन/तामीला सम्बन्धी जानकारी दी गई तथा महिला अपराध में सजा सहित अन्य कार्यवाहियों से अवगत कराया गया।
एन कार्ड के अंतर्गत विगत माह में किए गए कार्यों के समीक्षा की गई एवं अवैध मादक पदार्थों की तस्करी पर प्रभावी कार्यवाही करने एवं आपसी समन्वय स्थापित कर सूचना तंत्र विकसित कर अधिक मात्रा में मादक पदार्थ अपहृत करने हेतु निर्देश दिए गए। जनपद में नशे के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती गांवों में सूचना तंत्र को मजबूत किया जाये, जिससे कि मादक पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाई जा सके। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि नशे के विरूद्ध विद्यालयों में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। बैठक में ड्रग इंस्पेक्टर अनुपस्थित पाए जाने पर स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए गए।
इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव, एसएसबी कमॉडेंट, जिला आबकारी अधिकारी, अभियोजन अधिकारी, अधिवक्ता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

पुरानी रंजिश में हुए खूनी संघर्ष में पिता पुत्र सहित तीन घायल



सूर्योदय भाष्कर ब्यूरो
बिजनौरे जनपद बिजनौर के थाना नगीना क्षेत्र के ग्राम तुखमापुर निवासी मुनेश कुमार (58 वर्ष) अपने पुत्र कार्तिक (18 वर्ष) और शालिक के साथ ग्राम तंदूपुर में शराब की हट्टी के पास अंडे, मुर्गे और पकौड़े की दुकान चलाते हैं। बताया गया कि इसी दौरान गांव के कुछ लोगों के साथ उनकी कहासुनी हो गई, जिसके बाद विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। आरोप है कि विपक्षी पक्ष के लोगों ने लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से हमला कर दिया, जिसमें तीनों घायल हो गए।
घटना के बाद परिजन घायलों को लेकर नगीना सीएचसी पहुंचे। वहां से प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल शालिक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजनों के अनुसार, विवाद की वजह पुरानी रंजिश है। मामले में दोनों पक्षों के बीच पहले भी विवाद होने की बात सामने आई है।
घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई। पुलिस द्वारा घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया गया है। पीड़ित पक्ष की ओर से कार्रवाई की मांग की गई है। नगीना थाना प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच कर रही है।

राजकीय पॉलीटेक्निक में AI in Governance पर कार्यशाला, फ्रंटलाइन कार्मिकों को दिया प्रशिक्षण

उन्नाव में शासन में अकके प्रयोग पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित..





सूर्योदय भास्कर ब्यूरो....
उन्नाव। डॉ. राम मनोहर लोहिया उत्तर प्रदेश प्रशासन एवं प्रबंधन अकादमी, लखनऊ के तत्वावधान में बुधवार को राजकीय पॉलीटेक्निक, दही चौकी, उन्नाव में ' 'Artificial Intelligence in Governanc विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।
कार्यशाला का उद्देश्य सरकारी विभागों में कार्यरत फ्रंटलाइन कार्मिकों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता के व्यावहारिक उपयोग से परिचित कराना और एआई के माध्यम से सरकारी कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, सरल एवं दक्ष बनाना था। कार्यशाला में प्रशिक्षक श्री परिश्रुत जस्सल एवं श्री एल्विन एंटोनी ने जनपद के विभिन्न सरकारी विभागों से आए प्रतिभागियों को शासन-प्रशासन में एआई की उपयोगिता, संभावित अनुप्रयोगों और दैनिक कार्यों में इसके प्रभावी इस्तेमाल की विस्तार से जानकारी दी।
कार्यशाला दो सत्रों में आयोजित हुई। प्रथम सत्र में एआई की मूल अवधारणाओं, कार्यप्रणाली और शासन में इसकी भूमिका पर सैद्धांतिक प्रशिक्षण दिया गया, जबकि द्वितीय सत्र में कंप्यूटर लैब में हैंड्स-ऑन ट्रेनिंग के माध्यम से प्रतिभागियों ने स्वयं कंप्यूटर पर अभ्यास कर एआई के उपयोग को समझा।
प्रतिभागियों ने उत्साह के साथ सहभागिता की और फीडबैक में बताया कि वे भविष्य में अपने दैनिक शासकीय कार्यों में एआई का उपयोग कर कार्य की गुणवत्ता और उत्पादकता में सुधार करेंगे।
इस अवसर पर अकादमी की उप निदेशक प्रिया सिंह, पॉलीटेक्निक के प्रधानाचार्य पीयूष शाक्य, डॉ. अजय कुमार दुबे, वैभव किशोर, वेद प्रकाश, शिरीष त्रिपाठी, नीलेश कुमार, सुश्री प्रियंका एवं सुश्री यूसरा सिद्दीकी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यशाला का समन्वय डॉ. अजय कुमार दुबे एवं वैभव किशोर द्वारा किया गया।

उन्नाव की नीलम सिंह बनीं भाजपा महिला मोर्चा अवध क्षेत्र की क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो....
उन्नाव, संवाददाता। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर भाजपा महिला मोर्चा अवध क्षेत्र की टीम की घोषणा कर दी गई है।
अवध क्षेत्र की महिला मोर्चा क्षेत्रीय अध्यक्ष डॉ. श्वेता सिंह द्वारा घोषित क्षेत्रीय पदाधिकारियों एवं कार्यसमिति सदस्यों की सूची में उन्नाव जनपद को भी प्रतिनिधित्व मिला है।
अवध क्षेत्र महिला मोर्चा की नवनियुक्त टीम में उन्नाव जनपद से वरिष्ठ महिला नेत्री श्रीमती नीलम सिंह को क्षेत्रीय कार्यसमिति सदस्य मनोनीत किया गया है।
श्रीमती नीलम सिंह को यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर भाजपा जिलाध्यक्ष श्री अनुराग अवस्थी सहित जिले के समस्त जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। सभी ने विश्वास जताया है कि उनके अनुभव और सक्रियता से अवध क्षेत्र में महिला मोर्चा और अधिक सशक्त होगा।

सपा विधायक के बेटे पर मारपीट चोरी और धमकी का केस दर्ज!



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो
अम्बेडकरनगर! विधायक का बेटा होने से कानून छोटा नहीं हो जाता इसका उदाहरण जिले में देखने को मिला है! सपा विधायक रामअचल राजभर के बेटे संजय राजभर पर मारपीट, चोरी और धमकी समेत कई धाराओं में अकबरपुर पुलिस नें मुकदमा दर्ज किया है! बता दें शिकायतकर्ता लालचंद राजभर के आरोप अनुसार संजय राजभर द्वारा दुकान में घुसकर मारपीट की गई और जमीन के दस्तावेज छीन लिए गए! वादी लालचंद राजभर की तहरीर व वीडियो फुटेज के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है! वहीँ इस घटना ने जिले की राजनीति में गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं कि क्या कानून का डंडा रसूख देखकर चलेगा या सबके लिए बराबर रहेगा! फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है अब देखना यह है कि पुलिस मामले में क्या कार्यवाही करती है! विधायक के बेटे से जुड़े इस चर्चित मामले में ठोस कार्यवाही होंगी या फिर लीपापोती कर मामले को ठंडे बस्ते में डालकर बंद कर दिया जायेगा!!

रास्ते के विबाद कों लेकर दबंगों नें ढाया कहर- केस दर्ज!



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो
अम्बेडकरनगर! हंसवर थाना क्षेत्र के नसीराबाद में दबंगों नें अपनी दबंगई का परिचय देते हुए 27 अक्टूबर कों तांडव किया! शिकायत के बाद पुलिस ने दों नामजद व्यक्ति करमजीत पुत्र रामकुमार, विक्रमाजीत पुत्र रामकुमार पर केस दर्ज कर लिया! दरअसल पूरा मामला हंसवर थाना क्षेत्र के नसीराबाद गाँव का था जहाँ आबादी भूमि पर जबरन रास्ते के विवाद को लेकर मारपीट हुई, मारपीट में विपक्षियों ने कन्हैया यादव के परिजनों को घर से घसीटकर लात-घूंसों और लाठी-डंडों से पिटाई की और घर में भी तोड़फोड़ किया! आरोप के अनुसार दबंगों द्वारा मारपीट में मानवती पत्नी कन्हैया, सूरसती पत्नी रामफेर, अभय यादव समेत बच्चों को चोटें आई! पीड़ित पक्ष का आरोप हैं कि विपक्षी द्वारा जबरन दरवाजे पर खड़ंजा निर्माण करवाया जा रहा था विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी गई! मामला पुलिस के पास पहुंचा तों पुलिस नें मामले की गंभीरता को देखते हुए दो नामजद करमजीत व विक्रमाजीत पर केस दर्ज कर लिया! इस प्रकरण में जब थानाध्यक्ष सें बातचीत हुई तों उन्होंने बताया मामला पुलिस के संज्ञान में है मारपीट करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है और आगे की कार्रवाई की जा रहीं हैं!!

उन्नाव के रुद्र और तन्वी का लखनऊ मंडल क्रिकेट टीम में चयन, गांव-जिले का नाम किया रोशन





सूर्योदय भास्कर ब्यूरो...
नवाबगंज, उन्नाव। जनपद के लिए गौरव का क्षण। नवाबगंज के राधाकृष्णन इंटर कॉलेज के दो होनहार खिलाड़ी, सगे भाई-बहन रुद्र प्रताप सिंह और तन्वी सिंह का चयन बीनू मांकड़ अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए लखनऊ मंडल की टीम में हुआ है। दोनों खिलाड़ी ग्राम गौरा कटेहरवा के निवासी हैं। उनके पिता बजरंग सिंह सेवानिवृत्त सैनिक हैं और वर्तमान में ग्राम प्रधान के रूप में सेवा कर रहे हैं। दोनों बच्चे जिला क्रिकेट एसोसिएशन (DCA) द्वारा संचालित कैंप में प्रशिक्षकों की देखरेख में नियमित प्रशिक्षण ले रहे हैं।
प्राप्त जानकारी के अनुसार बालिका वर्ग में लखनऊ मंडल की टीम ने प्रदेश चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया है, जिसमें तन्वी सिंह टीम का हिस्सा रहीं। वहीं बालक वर्ग की प्रदेशीय प्रतियोगिता 26 से 30 अक्टूबर तक कानपुर में आयोजित हो रही है, जिसमें रुद्र प्रताप सिंह लखनऊ मंडल का प्रतिनिधित्व करेंगे।
इस उपलब्धि पर जिला क्रीड़ा सचिव नवीन सिन्हा और जिला विद्यालय निरीक्षक सुनील दत्त सहित खेल प्रेमियों ने दोनों खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। एक ही परिवार के भाई-बहन के एक साथ मंडलीय टीम में चयन से विद्यालय, गांव गौरा कटेहरवा सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है।

141 विधानसभा धौरहरा में वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ. रमा रमण मिश्रा का जनसंपर्क अभियान जारी

धौरहरा की यही पुकार, डॉ. रमा रमण मिश्रा अबकी बार!





सूर्योदय भास्कर जिला संवाददाता लखीमपुर खीरी
लखीमपुर खीरी। 141 विधानसभा धौरहरा से वरिष्ठ भाजपा नेता एवं वरिष्ठ सर्जन डॉ. रमा रमण मिश्रा विधानसभा क्षेत्र के लोगों से लगातार संपर्क कर रहे हैं। जनसंपर्क के माध्यम से वे क्षेत्रवासियों से संवाद कर रहे हैं और उनकी समस्याओं, अपेक्षाओं तथा क्षेत्र के विकास से जुड़े मुद्दों को समझने का प्रयास कर रहे हैं। धौरहरा के विकास हेतु संकल्पित – डॉ. रमा रमण मिश्रा जी
जनसेवा का संकल्प, विकास का विश्वास और धौरहरा को नई पहचान दिलाने का लक्ष्य लेकर डॉ. मिश्रा क्षेत्र में अपनी सक्रियता बनाए हुए हैं। वरिष्ठ सर्जन एवं भाजपा नेता 141 विधानसभा धौरहरा, जनपद लखीमपुर खीरी जनता का विश्वास, विकास की आस!
धौरहरा की यही पुकार – डॉ. रमा रमण मिश्रा अबकी बार!

सिया को ब्याहने बारात लेकर जनकपुरी पहुंचे दशरथ नंदन राम

आकर्षण का केन्द्र रही जीवंत झांकिया व प्रदर्शन ।बारात देखने उमड़ी भीड़, पुष्पवर्षा कर किया स्वागत



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो
गुरसहायगंज, कन्नौज। नगर के तिर्वा रोड पर चल रही रामलीला में सिया को ब्याहने के लिए दशरथ नंदन धूमधाम से बरात लेकर जनकपुरी पहुंचे। जहां वैदिक मंत्रोच्चार व विधि विधान के साथ सिया राम का विवाह सम्पन्न हुआ है। जिसके बाद अयोध्या में बधाईयां गाई गई। इससे पहले पांच दर्जन रथों के साथ नगर में राम बारात निकाली गई। जिसमें कलाकारों द्वारा काली, मुरली, मां भगवती सहित अन्य प्रदर्शन किए गए। जिनकी अलौकिकता को देखने के लिए श्रद्धालुओं का सैलाव उमड़ पड़ा।
नव निर्मित श्री आदर्श रामलीला समिति नई गल्ला मण्डी तिर्वा रोड के तत्वाधान में चल रही रामलीला के दौरान मयार्दा पुरूषोत्तम श्रीराम की बरात बीते मंगलवार की रात नगर में धूमधाम से निकाली गई। जिसका शुभारम्भ विधायक अर्चना पांडेय, रामकुमार पाठक, क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र देव, राजीव ठाकुर सहित समिति के अध्यक्ष मयंक गुप्ता व पदाधिकारियों ने श्री गणेश व श्रीराम की आरती वन्दना कर किया। बारात में पार्टी के कलाकारों द्वारा मुरली प्रदर्शन, भूत प्रेत टोली, विशाल हनुमान, विष्णु, शंकर का रौद्र रूप, काली प्रदर्शन, अर्द्ध नारीस्वर, नौ देवियों आदि के प्रदर्शन ने दर्शकों का मनमोह लिया। बारात में प्रथम पूज्य गजानन के बाद क्रमशः राधा कृष्ण, सुदामा चरित्र, मॉ जगदम्बा, शंकर परिवार, ब्रहमाजी, खाटू श्याम, गौतम बुद्ध सहित अन्त में मयार्दापुरूषोत्तम श्रीराम अपने अनुज लक्ष्मण व गुरू वशिष्ठ के साथ विराजमान थे। आगरा, मैनपुरी, बेबर, शिकोहाबाद व फिरोजाबाद साहित अन्य स्थानों से आई झाकियों ने बारात की शोभा बढ़ाई। भगवान की बारात नगर के तिर्वा रोड स्थित ब्रहमदेव मंदिर से जीटी रोड, क्रासिंग, रामगंज होती हुई तिराहा स्थित मां संतोषी माता मन्दिर तक पहुंची। एकत्रित भीड़ और छतों पर बारात आगमन की प्रतिक्षा में बैठी महिलाओं ने पुष्पवर्षा कर मयार्दा पुरूषोत्तम श्रीराम का भव्य स्वागत कर अलौकिकता देखी। इस दौरान भाजपा नेता रामवीर कठेरिया, सागर अग्रवाल, डा. सुधीर दीक्षित, संजीव गुप्ता संजू, विजय दुबे, नीरज मिश्रा, शिवम राज वर्मा, सचिन गुप्ता, दीपक गुप्ता, शिवा गुप्ता, सुगम दुबे, अमन कठेरिया, दीपू शर्मा आदि ने भी फूलमालाओं से रामबारात का स्वागत किया।

संदीप शर्मा बने भाकियू नगर अध्यक्ष हल्दौर, समर्थकों में खुशी की लहर



सूर्योदय भाष्कर ब्यूरो चीफ
हल्दौर। भारतीय किसान यूनियन ने संगठन के विस्तार के क्रम में कस्बा हल्दौर निवासी संदीप कुमार शर्मा को नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान द्वारा उनके मनोनयन की घोषणा किए जाने पर संगठन से जुड़े कार्यकताओं और समर्थकों ने खुशी जताई।
भाकियू के जिला कार्यालय से जारी मनोनयन पत्र के अनुसार, संदीप कुमार शर्मा की कार्यशैली, निष्ठा और मेहनत को देखते हुए उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है। संगठन ने उम्मीद जताई कि वह किसानों के हितों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाने के साथ ही महात्मा टिकैत की नीतियों और कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।
किसानों की समस्याओं को उठाना प्राथमिकताः संदीप शर्मा
नगर अध्यक्ष मनोनीत होने पर संदीप कुमार शर्मा ने राष्ट्रीय नेतृत्व और जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान का आभार जताया। उन्होंने कहा कि संगठन ने उन पर जो भरोसा जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। किसानों, मजदूरों और आम जनता की समस्याओं को उठाना तथा उनके अधिकारों के लिए आवाज बुलंद करना उनकी प्राथमिकता रहेगी।
मनोनयन के बाद क्षेत्र के किसानों, कार्यकताओं और गणमान्य लोगों ने संदीप कुमार शर्मा को फूल-मालाएं पहनाकर स्वागत किया और मिठाई खिलाकर बधाई दी। लोगों ने उनसे किसान हितों के लिए सक्रियता से कार्य करने की उम्मीद जताई।

सुरेश कुमार खन्ना भाजपा प्रदेश कार्यसमिति में विशेष आमंत्रित सदस्य मनोनीत,

›› अपूर्वा ठाकुर ने पति संग आवास पर पहुंचकर दी बधाई
›› जलालाबाद से भाजपा की संभावित उम्मीदवार अपूर्वा ठाकुर ने जताई खुशी, कहा—खन्ना जी के अनुभव और मार्गदर्शन से संगठन को मिलेगी नई मजबूती



सूर्योदय भास्कर जिला संवाददाता शाहजहांपुर

शाहजहांपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना को भारतीय जनता पार्टी की उत्तर प्रदेश कार्यसमिति में विशेष आमंत्रित सदस्य मनोनीत किए जाने पर पार्टी कार्यकताओं में खुशी का माहौल है। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ता एवं जलालाबाद विधानसभा से भाजपा की संभावित उम्मीदवार अपूर्वा ठाकुर ने अपने पति अजय गुप्ता के साथ उनके आवास पर पहुंचकर पुष्पगुच्छ भेंट किया और उन्हें बधाई देते हुए शुभकामनाएं दीं।

#इस दौरान उन्होंने कहा कि सुरेश कुमार खन्ना का भाजपा प्रदेश कार्यसमिति में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में मनोनयन गौरव का विषय है। उनका राजनीतिक अनुभव, संगठन के प्रति समर्पण और जनसेवा के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका पार्टी के लिए महत्वपूर्ण है। उनके मार्गदर्शन से संगठनात्मक गतिविधियों को और गति मिलेगी तथा कार्यकताओं को जनहित के कार्यों के लिए प्रेरणा मिलेगी।

उन्होंने कहा कि सुरेश कुमार खन्ना ने अपने लंबे राजनीतिक अनुभव और जनसेवा के माध्यम से प्रदेश की राजनीति में विशिष्ट पहचान बनाई है। प्रदेश सरकार में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री के रूप में उनकी जिम्मेदारी महत्वपूर्ण है। ऐसे में प्रदेश कार्यसमिति में उनकी भूमिका से संगठन को लाभ मिलने की उम्मीद है।

बधाई देने पहुंचीं कार्यकर्ता ने उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु और सफल कार्यकाल की कामना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में पार्टी कार्यकर्ता संगठन को मजबूत बनाने और जनहित से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास करते रहेंगे।

सुरेश कुमार खन्ना शाहजहांपुर की राजनीति में भाजपा के प्रमुख नेताओं में शामिल हैं। उनके मनोनयन को स्थानीय कार्यकताओं ने संगठन के लिए सकारात्मक कदम बताया है।

करवा चौथ की खुशियों के बीच बेबस पिता की गुहार, तीन मासूम बेटियों को है मां के आंचल का इंतजार

दिनभर रिक्शा चलाकर परिवार पाल रहा रिंकू, बोला—साहब! रिक्शा चलाऊं, बच्चों को संभालूं या घर चलाऊं?

सूर्योदय भास्कर जिला संवाददाता शाहजहांपुर

शाहजहांपुर। करवा चौथ की खुशियों के बीच शाहजहांपुर के चिनौर क्षेत्र से एक ऐसी कहानी सामने आई है,

जो हर किसी को भावुक कर सकती है। जहां घरों में त्योहार की तैयारियां चल रही हैं, वहीं रिक्शा चालक रिंकू श्रीवास्तव अपने परिवार को फिर से एक साथ देखने की उम्मीद लगाए बैठा है। किराये के मकान में रहने वाले रिंकू के कंधों पर बूढ़े माता-पिता और तीन मासूम बेटियों की जिम्मेदारी है।



पांच वर्षीय वैष्णवी, दो वर्षीय लक्ष्मी और महज आठ माह की राधा की परवरिश करना उनके लिए बड़ी चुनौती बन गया है।

रिंकू के मुताबिक, उनकी शादी वर्ष 2018 में हिमांशी श्रीवास्तव से हुई थी। बाद में पति-पत्नी के बीच दूरियां बढ़ गईं और पत्नी मायके चली गईं। रिंकू का आरोप है कि काफी प्रयासों के बावजूद परिवार दोबारा एक साथ नहीं रह पा रहा है। उन्होंने बताया कि एक बेटे की मृत्यु का दुख भी परिवार झेल चुका है।

आर्थिक तंगी ने बढ़ाई मुश्किलें: रिंकू के मुताबिक, किस्तें जमा न कर पाने के कारण फाइनेंस कंपनी उनका बैटरी रिक्शा ले गई। अब वह किराये का रिक्शा चलाकर घर का खर्च उठाते हैं।

कमाई से रिक्शे का किराया, राशन और बच्चों की जरूरतें पूरी करना मुश्किल हो रहा है। आठ माह की सबसे छोटी बेटी की तबीयत खराब होने से उनकी चिंता और बढ़ गई है।

थाने से मुख्यमंत्री पोर्टल तक लगाई गुहार: रिंकू का कहना है कि उन्होंने पुलिस और मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत कर मदद मांगी है। वह चाहते हैं कि संबंधित अधिकारी दोनों पक्षों की बात सुनें और बच्चियों की देखभाल व भविष्य को ध्यान में रखते हुए उचित समाधान निकालें।

करवा चौथ पर रिंकू की सबसे बड़ी ख्वाहिश किसी उपहार या सुविधा की नहीं, बल्कि अपने परिवार को फिर से एक साथ देखने की है। उनकी गुहार है कि तीनों बेटियों को उचित .देखभाल मिले और परिवार की मुश्किलें कम हों।

रिंकू का दर्द भरा सवाल है—ह्नसाहब! मैं दिनभर रिक्शा चलाऊं, बच्चों को संभालूं या घर चलाऊं? मेरी बेटियों को मां का प्यार मिल जाए, बस यही चाहता हूं।ह्व

पारिवारिक विवाद से जुड़े आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। मामले में पत्नी का पक्ष भी सामने आना आवश्यक है।

छठ पूजा से पहले नगर आयुक्त ने लोधीपुर घाट का किया निरीक्षण

›› 400 मीटर क्षेत्र में पानी डायवर्ट कर जमीन समतल कराने के निर्देश
›› श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए समय से काम पूरा कराने पर जोर

सूर्योदय भास्कर जिला संवाददाता शाहजहांपुर

शाहजहाँपुर। छठ पूजा से पहले लोधीपुर स्थित खन्नौत नदी घाट पर तैयारियां तेज करने के निर्देश दिए गए हैं। बुधवार को नगर आयुक्त



सौम्या गुरुरानी ने घाट का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने लोधीपुर पुल से हनुमत धाम की ओर करीब 400 मीटर क्षेत्र में पानी डायवर्ट कर जमीन का समतलीकरण कराने के निर्देश दिए। संबंधित अधिकारियों से काम जल्द शुरू कर निर्धारित समय में पूरा कराने को कहा, ताकि छठ पूजा के दौरान श्रद्धालुओं को असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान पूर्वांचल महासभा सेवा समिति के अध्यक्ष सतीश कुमार मिश्रा, मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक हरिवंश दीक्षित और क्षेत्रीय पार्षद रुपेश कुमार वर्मा मौजूद रहे

45 करोड़ का भवन, फिर भी खामियों की भरमार महापौर ने खोली निर्माण की पोल, उट योगी को लिखा पत्र

›› कहीं टेढ़े कॉलम, कहीं टूटी टाइल्स तो कहीं उखड़ रही फॉल्स सीलिंग
›› स्टेशन रोड के बाद अब ककरा भवन की गुणवत्ता पर सवाल



सूर्योदय भास्कर जिला संवाददाता शाहजहांपुर

शाहजहाँपुर करोड़ों की लागत, नया-नवेला भवन और उद्घाटन के कुछ ही समय बाद खामियों की लंबी फेहरिस्त नगर निगम के ककरा स्थित नए कार्यालय भवन की गुणवत्ता पर महापौर अर्चना वर्मा ने सवाल उठाते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजा है। करीब 45 करोड़ रुपये की लागत से बने इस भवन में टाइल्स से लेकर फॉल्स सीलिंग तक की खामियां गिनाते हुए महापौर ने निर्माणदायी संस्था की जवाबदेही तय करने की मांग की है

12 अक्टूबर को अधिकारियों और पार्षदों के साथ निरीक्षण के दौरान सामने आई कमियों का पत्र में विस्तार से उल्लेख किया गया है। कहीं फर्श की टाइल्स ऊंची-नीची हैं तो कहीं टूट रही हैं। कक्षों के कॉलम टेढ़े नजर आ रहे हैं और फॉल्स सीलिंग कई स्थानों से खुल रही है।खिड़की-दरवाजों पर निर्माण सामग्री के निशान और सफाई की कमी भी बताई गई है

यानी भवन नया है, लेकिन फिनिशिंग पर सवाल पुराने पड़ने से पहले ही खड़े हो गए। महापौर ने लिफ्ट स्थल के खुले हिस्से में पानी भरा होने को दुर्घटना की आशंका से जोड़ते हुए गंभीर चिंता जताई है। प्रवेश द्वार की रेलिंग क्षतिग्रस्त और उसकी फिक्सिंग ढीली होने, ग्रेनाइट की फर्श व स्कर्टिंग की खराब फिनिशिंग और ग्लेजिंग के जोड़ खुले होने की शिकायत भी की गई है। खिड़कियों के फ्रेम और दीवारों के बीच गैप तथा सीलिंग और कॉलम के बीच खाली जगह को भी दुरुस्त कराने की मांग उठाई गई है। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर महापौर की यह दूसरी बड़ी लिखित शिकायत है। इससे पहले स्टेशन रोड के निर्माण पर भी उन्होंने सवाल उठाते हुए पत्र लिखा था। अब ककरा भवन की खामियां मुख्यमंत्री तक पहुंचने के बाद निर्माणदायी संस्था की कार्यप्रणाली और गुणवत्ता की जांच को लेकर चर्चा तेज होना लाजिमी है

महापौर ने भवन की कमियां दूर कराने, मरम्मत और फिनिशिंग ठीक कराने के साथ निर्माणदायी संस्था की जिम्मेदारी तय करने का अनुरोध किया है। भवन में सीसीटीवी की कमी का मुद्दा भी उठाया गया है

अब बड़ा सवाल यही है कि करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद यदि नए भवन में इतनी खामियां सामने आ रही हैं, तो निर्माण के दौरान गुणवत्ता की निगरानी किस स्तर पर हुई? मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र के बाद जिम्मेदारों पर कार्रवाई होती है या खामियों की मरम्मत कर मामला आगे बढ़ जाता है, इस पर शहर की नजर रहेगी

कांति सिंह की शानदार जीत पर खीरी टाउन में सपाइयों ने मनाया जश्न, गुफरान अहमद के नेतृत्व में मिठाई बांटकर जताई खुशी

›› पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं सपा जिला सचिव की अगुवाई में सपाइयों ने कस्बे की जनता को मिठाई खिलाकर दी बधाई
›› जीत को बताया कार्यकताओं के उत्साह और संगठन की मजबूती का प्रतीक



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो चीफ खीरी टाउन खीरी। स्नातक एमएलसी चुनाव में समाजवादी पार्टी की प्रत्याशी श्रीमती कांति सिंह की शानदार जीत से खीरी टाउन में समाजवादी पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। जीत की खुशी साझा करने के लिए पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं समाजवादी पार्टी के जिला सचिव गुफरान अहमद के नेतृत्व में सपाइयों ने हर्षोल्लास के साथ जश्न मनाया। इस दौरान कस्बा खीरी की जनता और पार्टी कार्यकताओं को मिठाई खिलाकर जीत की बधाई एवं मुबारकबाद दी गई। कार्यक्रम में गुफरान अहमद की सक्रिय भूमिका और कार्यकताओं के साथ उनकी मौजूदगी ने स्थानीय संगठन के उत्साह को प्रदर्शित किया।

कांति सिंह की जीत की खबर से उत्साहित सपा नेताओं और कार्यकताओं ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर खुशी साझा की। मिठाई वितरण के दौरान पार्टी समर्थकों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यकताओं ने इसे समाजवादी पार्टी के लिए खुशी का अवसर बताते हुए कांति सिंह को जीत की शुभकामनाएं दीं। पूरे कार्यक्रम में आपसी मेल-मिलाप, उत्साह और संगठन के प्रति प्रतिबद्धता का माहौल नजर आया। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष एवं सपा जिला सचिव गुफरान अहमद ने जीत की खुशी में पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकताओं और कस्बे के लोगों के साथ मिठाई बांटकर अपनी प्रसन्नता जाहिर की। उनके नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय सपा नेताओं और कार्यकताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गुफरान अहमद ने कांति सिंह की जीत पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि चुनावी सफलता पार्टी के लिए उत्साह बढ़ाने वाला अवसर है।

उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह संगठन को मजबूत बनाने के लिए पूरी निष्ठा, मेहनत और एकजुटता के साथ काम करे। कार्यकताओं की सक्रियता और आपसी तालमेल से संगठन को मजबूती मिलती है। जीत की खुशी केवल एक प्रत्याशी की सफलता तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह पार्टी से जुड़े लोगों को आगे भी पूरी ऊर्जा के साथ काम करने की प्रेरणा देती है।

गुफरान अहमद ने कार्यकताओं के साथ जनता के बीच पहुंचकर खुशी साझा करने की परंपरा को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि राजनीतिक संगठन की असली ताकत जनता से जुड़ाव और कार्यकताओं की मेहनत में होती है। उन्होंने पार्टी नेताओं और कार्यकताओं से आपसी एकता बनाए रखने तथा संगठन की गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाते रहने का आह्वान किया।

खीरी टाउन में आयोजित मिठाई वितरण कार्यक्रम के दौरान समाजवादी पार्टी के स्थानीय पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने कांति सिंह की जीत पर प्रसन्नता व्यक्त की। नेताओं ने कहा कि इस तरह के अवसर पार्टी कार्यकताओं के बीच आपसी संवाद और समन्वय को बढ़ावा देते हैं। चुनावी सफलता के बाद कार्यकताओं में दिखाई देने वाला उत्साह संगठनात्मक गतिविधियों को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

कार्यक्रम में गुफरान अहमद ने स्थानीय नेताओं और कार्यकताओं के साथ मिलकर जीत की खुशी साझा की। उनकी अगुवाई में सपाइयों द्वारा कस्बे की जनता को मिठाई खिलाकर बधाई देना इस कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहा। कार्यकताओं ने भी एक-दूसरे को मिठाई खिलाई और कांति सिंह के उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर नगर अध्यक्ष समाजवादी पार्टी खीरी हाजी शोहराब गौरी, नगर महासचिव शकील खान यूसुफी, नगर उपाध्यक्ष आफताब खान, एडवोकेट विमलेश शर्मा, पूर्व सभासद मोहम्मद सईद अंसारी, अशरफ रजा, डॉ. रफी अंसारी, शहजाद अंसारी, गुलफाम कुरैशी और शफीक कुरैशी सहित समाजवादी पार्टी के तमाम नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सभी उपस्थित नेताओं और कार्यकताओं ने श्रीमती कांति सिंह की जीत पर खुशी जाहिर करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मिठाई वितरण के माध्यम से पार्टी कार्यकताओं ने अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और एक-दूसरे के साथ जीत का जश्न मनाया।

कार्यक्रम के समापन पर पार्टी की स्थानीय इकाई में उत्साह और एकजुटता का संदेश दिखाई दिया। गुफरान अहमद के नेतृत्व में जुटे कार्यकताओं ने जीत की खुशी साझा करने के साथ संगठन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी जाहिर की।

राष्ट्रीय संत असंग देव जी का 60वाँ जन्मोत्सव और कबीर महोत्सव संपन्न

लखीमपुर खीरी में उमड़ा श्रद्धा का जनसैलाब

सूर्योदय भास्कर ब्यूरो चीफ



लखीमपुर खीरी गोला गोकर्णनाथ के अलीगंज रोड स्थित मुस्तफाबाद के तपोभूमि विश्व कल्याण आश्रम, कबीरधाम में राष्ट्रीय संत श्री असंग देव जी महाराज का तीन दिवसीय 60वाँ पावन जन्मोत्सव (अवतरण दिवस) और परिनिर्वाण उत्सव बुधवार को बेहद धूमधाम और भव्यता के साथ संपन्न हो गया। 26 अक्टूबर से 28 अक्टूबर 2026 तक चले इस ऐतिहासिक 'कबीर महोत्सव' में देश-विदेश से आए लाखों श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी।यह त्रिविध धार्मिक अनुष्ठान संत असंग देव जी महाराज के 60वें जन्म दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। इसके साथ ही आश्रम में पूज्य सद्गुरु श्री क्षमा देव जी और पूज्य श्री गुरुमन देव जी का परिनिर्वाण स्मृति दिवस (पुण्यतिथि) भी बेहद श्रद्धापूर्वक मनाया गया।तीन दिवसीय कार्यक्रम के दौरान प्रतिदिन दोपहर 12:00 बजे से 3:00 बजे तक सुखद सत्संग और अमृतवाणी का प्रवाह हुआ। संत असंग देव जी ने अपनी कथा और भजनों के माध्यम से उपस्थित जनसैलाब को संस्कार, सदाचार, मर्यादा और सामाजिक जिम्मेदारियों का पाठ पढ़ाया। उन्होंने विशेष रूप से परिवार को जोड़ने में बहु-बेटियों की भूमिका, उनके अच्छे आचरण और पारिवारिक मूल्यों के महत्व पर बल दिया।महोत्सव के अंतिम दिन यानी बुधवार (28 अक्टूबर) को आश्रम परिसर में एक ऐतिहासिक पल देखा गया, जब वहाँ बनने वाले भव्य 'कबीर स्मृति भवन' का भूमि पूजन और शिलान्यास पूरी विधि-विधान और वैदिक मंत्रोचार के साथ संपन्न किया गया। इस उत्सव के दौरान तीन दिनों तक अनवरत विशाल महाभंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें लाखों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।कार्यक्रम के समापन और भूमि पूजन के पावन अवसर पर कबीरधाम आश्रम में दिग्गज राजनेताओं और वीवीआईपी अतिथियों का जमावड़ा रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य शामिल हुए।उनके साथ ही उत्तर प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल, पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्र टेनी और कई स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी आश्रम पहुँचकर संतों का आशीर्वाद लिया और कबीरधाम की इस पावन तपोभूमि को नमन किया।

संगठन की एकजुटता,कार्यकताओं का समर्पण और मतदाताओं का विश्वास ही जीत का मंत्र:दद्दू प्रसाद

स्नातक एम०एल०सी० निर्वाचन में पूर्व कैबिनेट मंत्री दद्दू प्रसाद की मेहनत लाई रंग

›› महोबा विधान सभा 230 में गांव गांव जाकर स्नातक मतदाताओं से किया था आत्मीय संवाद
›› डॉ मान सिंह यादव ने भाजपा प्रत्याशी को 27,663 मतों से किया पराजित





सूर्योदय भास्कर ब्यूरो,महोबा महोबा।प्रयागराज झाँसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी डॉक्टर मान सिंह यादव ने भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी अशोक कुमार राठौर को 27,663 मतों से पराजित कर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है।आपको बताते चले कि महोबा विधानसभा 230 के अंतर्गत स्नातक एम०एल०सी० निर्वाचन में पूर्व कैबिनेट मंत्री दद्दू प्रसाद ने गांव-गांव,घर-घर जाकर स्थानीय स्नातक मतदाताओं से आत्मीय संवाद कर,समाजवादी पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य बखूबी किया था।उन्होंने समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी डॉक्टर मान सिंह यादव के पक्ष में मतदान करने व प्रथम वरीयता का मत देने की अपील की थी।इसी अटूट मेहनत व विपरीत परिस्थितियों के संघर्ष के कारण प्रयागराज झांसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में स्थानीय 230 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के सभी स्नातक भाई बहनों ने लगातार दूसरी बार विश्वास जताते हुए समाजवादी पार्टी के पक्ष में बाहरी जनसमर्थन देकर विजई दिलाने में अहम भूमिका निभाई।अपने उद्बोधन में पूर्व कैबिनेट मंत्री दद्दू प्रसाद ने कहा कि माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी का वह विशेष आभार व्यक्त करते है जिनके नेतृत्व और मार्गदर्शन ने हर कदम पर हौसला दिया।पूर्व कैबिनेट मंत्री दद्दू प्रसाद ने प्रयागराज,कौशांबी,फतेहपुर,चित्रकूट,बांदा,हमीरपुर,महोबा,जालौन,झांसी और ललितपुर के हर मतदाता,हर कार्यकर्ता,हर बूथ और मतगणना एजेंट का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि जिन्होंने धूप,थकान की परवाह किए बिना इस लड़ाई को अपनी लड़ाई बनाया।उन्होंने कहा कि यह जीत डॉक्टर मान सिंह यादव के लिए एक पद नहीं बल्कि बड़ी जिम्मेदारी है।जिसका भरोसा कभी टूटने नहीं दिया जाएगा।उन्होंने सम्पूर्ण निर्वाचन क्षेत्र के समस्त कार्यकताओं को आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया।

रोजा मंडी में मंडी निदेशक का औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश



सूर्योदय भास्कर जिला संवाददाता शाहजहांपुर

किसानों और व्यापारियों को सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर, साफ-सफाई से लेकर पेयजल और शौचालय तक की व्यवस्था परखी

शाहजहांपुर। मंडी की व्यवस्थाओं को परखने के लिए मंडी निदेशक जितेंद्र प्रताप सिंह ने बुधवार को रोजा मंडी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मंडी परिसर में साफ-सफाई, टीन शेड, शौचालय और पेयजल सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया

इस दौरान जहां व्यवस्थाएं संतोषजनक मिलीं, वहीं कुछ कमियों में सुधार की आवश्यकता भी सामने आई। मंडी निदेशक ने संबंधित अधिकारियों को कमियों को गंभीरता से लेते हुए जल्द दूर कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मंडी निदेशक ने स्पष्ट किया कि मंडी में आने वाले किसानों और व्यापारियों को सुविधाओं के अभाव में परेशानी नहीं होनी चाहिए। परिसर की साफ-सफाई नियमित रूप से सुनिश्चित की जाए और टीन शेड, शौचालय व पेयजल जैसी जरूरी सुविधाओं को दुरुस्त रखा जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडी की व्यवस्थाओं में सुधार के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं और किसानों की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाए।

मंडी निदेशक ने कहा कि मंडी परिसर में बेहतर व्यवस्थाएं बनाए रखना अधिकारियों की जिम्मेदारी है। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान बरेली के मंडी उपनिदेशक विश्वेंद्र प्रताप सिंह, रोजा मंडी सचिव धनंजय कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे

ओवरस्पीडिंग करने वाले 20 वाहनों के हुए चालान ,महोबा पुलिस ने ऑपरेशन सेफ स्पीड के तहत की कार्यवाही



सूर्योदय भास्कर ब्यूरो,महोबा महोबा। पुलिस अधीक्षक महोबा शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद में यातायात व्यवस्था को सुगम,सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखने तथा सड़क दुर्घटनाओं में प्रभावी कमी लाने के उद्देश्य से यातायात पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है।इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी यातायात रविकांत गोंड के निकट पर्यवेक्षण एवं यातायात निरीक्षक सुनील कुमार सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस जनपद महोबा द्वारा इंटरसेप्टर वाहन के माध्यम से बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर ह्यऑपरेशन सेफ स्पीडह्व के अंतर्गत विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।अभियान के दौरान निर्धारित गति सीमा से अधिक गति से वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध मोटर वाहन अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत नियमानुसार कार्रवाई करते हुए कुल 20 वाहनों के चालान किए गए।इस दौरान वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने, निर्धारित गति सीमा के अनुरूप वाहन चलाने तथा तेज गति से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के प्रति जागरूक भी किया गया।वाहन चालकों को समझाया गया कि सड़क पर सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है तथा यातायात नियमों का पालन कर दुर्घटनाओं की आशंका को काफी हद तक कम किया जा सकता है। महोबा पुलिस द्वारा सभी वाहन चालकों से अपील की जाती है कि वे निर्धारित गति सीमा का पालन करें,यातायात नियमों के प्रति जिम्मेदार बनें तथा सुरक्षित गति से वाहन चलाएं।तेज गति न केवल वाहन चालक, बल्कि अन्य राहगीरों एवं यात्रियों के जीवन के लिए भी गंभीर खतरा उत्पन्न कर सकती है।महोबा पुलिस का उद्देश्य केवल यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करना ही नहीं, बल्कि जनजागरूकता के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाकर प्रत्येक नागरिक की यात्रा को सुरक्षित बनाना है।

योगी सरकार का नदी आधारित परिवहन को लेकर बड़ा फैसला

जलयानों को मिलेगी खास पंजीकरण संख्या

लखनऊ, । उत्तर प्रदेश में नदी आधारित परिवहन को सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के साथ इससे जुड़ी आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में योगी सरकार नई नियामक व्यवस्था लागू करने की तैयारी कर रही है। प्रस्तावित अंतर्देशीय जलयान नियमावली-2026 के तहत यंत्रचालित और गैर-यांत्रिक जलयानों को विशिष्ट पंजीकरण संख्या दी जाएगी। वहीं, जल परिवहन से जुड़े विकास और कल्याण कार्यों के लिए अलग-अलग निधियां गठित करने, घाटों के संचालन में पारदर्शिता बढ़ाने और यात्रियों की सुरक्षा के मानक तय करने का प्रावधान किया गया है। इससे गंगा, यमुना, घाघरा, गोमती, गंडक और बेतवा जैसी प्रमुख नदियों में यात्री परिवहन, नदी पर्यटन, पारंपरिक नौका संचालन और माल परिवहन को अधिक सुरक्षित तथा व्यवस्थित बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है। यूपी परिवहन विभाग के मुताबिक प्रस्तावित नियमावली में जल परिवहन से प्राप्त शुल्क और जुर्माने के माध्यम से यंत्रचालित जलयानों के लिए राज्य विकास निधि गठित करने की व्यवस्था है। दूसरी ओर, गैर-यांत्रिक जलयानों से संबंधित गतिविधियों के लिए जिला स्तर पर जिला कल्याण निधि बनाई जाएगी। इस व्यवस्था का उद्देश्य जल परिवहन के नियमन के साथ संबंधित क्षेत्र के विकास और नाविकों के कल्याण के लिए वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराना है। नियमावली के तहत जलयानों की पहचान और उनकी स्थिति का आकलन करने के लिए पंजीकरण, सर्वेक्षण एवं मूल्यांकन की जिम्मेदारियां स्पष्ट की जाएंगी। यंत्रचालित जलयानों के पंजीकरण के लिए प्रत्येक जिले में सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन) को पंजीकरण अधिकारी नामित करने का प्रावधान है।

मिट्टी के शिल्पकारों को बाजार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाएगी सरकार



□ 48 हजार से अधिक कुम्हार परिवार चिह्नित

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में पारंपरिक माटी कला को आधुनिक तकनीक, उद्यमिता और बाजार से जोड़कर शिल्पकारों की आय बढ़ाने की दिशा में सरकार प्रयास कर रही है। खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री राकेश सचान ने बुधवार को डालीबाग स्थित खादी भवन परिसर में 11 दिवसीय माटी कला महोत्सव-2026 एवं राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का शुभारंभ करते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य पारंपरिक शिल्प को रोजगार और स्वरोजगार का मजबूत माध्यम बनाना है। प्रदेश में अब तक 48 हजार से अधिक शिल्पकार परिवार चिह्नित किए गए हैं, जबकि लगभग 40 हजार शिल्पकारों को मिट्टी की उपलब्धता के लिए भूमि एवं पट्टा संबंधी सुविधाओं का लाभ दिया गया है। उत्तर प्रदेश माटी कला बोर्ड की ओर से आयोजित यह महोत्सव 28 अक्टूबर से सात नवंबर तक चलेगा। 'मिट्टी से संस्कृति, संस्कृति से समृद्धि' थीम पर आधारित प्रदर्शनी में प्रदेश के विभिन्न जिलों के शिल्पकारों द्वारा तैयार पारंपरिक और आधुनिक माटी कला उत्पादों, गृह-सज्जा की वस्तुओं तथा कलाकृतियों को प्रदर्शित किया जा रहा है। यहां उत्पादों की बिक्री भी की जा रही है, जिससे शिल्पकारों को अपने उत्पादों के विपणन और नए ग्राहकों तक पहुंचने का अवसर मिलेगा। उद्घाटन समारोह में राकेश सचान ने कहा कि माटी कला प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और ग्रामीण जीवन का अभिन्न हिस्सा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में सरकार शिल्पकारों को आधुनिक उपकरण, तकनीकी प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता और बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि उत्पादों की गुणवत्ता, डिजाइन, पैकेजिंग, ब्रांडिंग और डिजिटल विपणन में सुधार कर माटी कला को बदलती बाजार मांग के अनुरूप विकसित करना जरूरी है, ताकि कारीगरों को उनके श्रम का उचित मूल्य मिल सके। माटी कला के आधुनिकीकरण के तहत प्रदेश में अब तक 18,400 से अधिक विद्युत चालित चाक वितरित किए जा चुके हैं।

मिट्टी के हुनर को बनाएंगे अलबेला सात दिन सजेगा माटीकला मेला

खादी महोत्सव की सफलता के बाद एक नवंबर से शुरू होगा माटीकला मेला

मेरठ, । मिट्टी में हुनर घोलकर खूबसूरत उत्पाद तैयार करने वाले माटीकला कारीगरों के लिए मेरठ में रोजगार और बाजार का बड़ा अवसर मिलने जा रहा है। खादी महोत्सव में 5.35 करोड़ रुपये के कारोबार की सफलता के बाद अब प्रदेश सरकार दीपावली के अवसर पर मेरठ में माटीकला मेला आयोजित कर रही है। एक नवंबर से लगने वाला यह मेला सात दिन तक चलेगा। वोकल फॉर लोकल को धार देने की सरकारी की मुहिम के तहत कारीगरों को उनके स्थानीय उत्पादों को बेचने के लिए निशुल्क स्टॉल उपलब्ध कराए जाएंगे। दीपावली पर घर-आंगन रोशन करने वाले मिट्टी के दीये बनाने वाले कारीगरों को बाजार तक पहुंचाने के लिए माटीकला बोर्ड के द्वारा मेले का आयोजन पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में किया जाएगा। सात दिवसीय मेले में कारीगरों को निःशुल्क स्टॉल उपलब्ध कराने के लिए चयन प्रक्रिया चल रही है। यहां मिट्टी के दीये, बर्तन और सजावटी उत्पाद आदि के स्टॉल लगेंगे। हाल ही में दस दिन तक चले मेरठ मंडलीय खादी महोत्सव में 5 करोड़ 35 लाख रुपये का कारोबार हुआ था। इससे स्थानीय कारीगर काफी उत्साहित हैं। ऐसे में त्योहारी सीजन में कारीगरों की आमदनी बढ़ाने और 'वोकल फॉर लोकल' को मजबूती देने की कोशिश की जा रही है। इससे स्थानीय नागरिकों को भी दीपावली के अवसर पर खरीददारी के लिए एक मंच प्राप्त हो सकेगा।



□ दीपावली के मद्देनजर वोकल फॉर लोकल को धार दे रही प्रदेश सरकार

सार संक्षेप

विद्यार्थियों को वितरित किए कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रमाण पत्र

मवाना। ए.एस. इंटर कॉलेज में तेजस फाउंडेशन के सहयोग से तीन माह का कंप्यूटर प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर लगभग 300 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनके परिश्रम, लगन एवं उपलब्धि को सम्मानित किया गया। सभी विद्यार्थियों ने कंप्यूटर की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने के बाद प्रमाण पत्र प्राप्त किए। तेजस फाउंडेशन द्वारा पिछले पाँच वर्षों से ए.एस. कॉलेज में कंप्यूटर लैब संचालित की जा रही है, जिसके माध्यम से विद्यालय के विद्यार्थियों को निःशुल्क कंप्यूटर शिक्षा प्रदान की जा रही है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक से जोड़ना, डिजिटल ज्ञान को बढ़ावा देना तथा उन्हें शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए सक्षम बनाना है। प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम में तेजस फाउंडेशन की ओर से डॉ. मोनिका पटेल, अफाक अहमद, अनीता एवं आरजू का विशेष सहयोग रहा। वहीं, कॉलेज प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं नगर पालिका परिषद मवाना के अध्यक्ष अखिल कुमार कौशिक, डॉ. मेघराज सिंह, कृष्ण चन्द्र, निपेन्द्र कुमार भटनागर एवं अंजू सहित विद्यालय प्रबंधन का कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

मतदेय स्थलों के संभाजन के संबंध में की बैठक

मेरठ। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारीधिजला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में जनपद की समस्त विधानसभाओ के अंतर्गत मतदेय स्थलो के संभाजन के संबंध में दावेध्आपत्ति के उपरांत राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियो के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में मतदेय स्थलो के संभाजन की सूची के संबंध में जनप्रतिनिधि, राजनैतिक दलो से प्राप्त सुझाव एवं आपत्तियो के उपरांत आयोजित बैठक में संभाजन से संबंधित बिन्दुओ पर विस्तार से चर्चा की गई। संभाजन के संबंध में प्रत्येक विधानसभावार प्राप्त हुए



सुझाव एवं आपत्तियो पर ईआरओ द्वारा परीक्षण के उपरांत की गई कार्यवाही के संबंध में विस्तार से बताया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जो भी सुझाव/आपत्ति प्राप्त हुए है उनका संबंधित ईआरओ द्वारा परीक्षण किया गया तथा नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की गई है। उपस्थित सभी राजनैतिक दलो के प्रतिनिधियो को जानकारी उपलब्ध कराई गई। उन्होने बताया कि मतदेय स्थल संभाजन के संबंध में निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशो का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हुये आगे की कार्यवाही की जायेगी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी, नगर मजिस्ट्रेट, समस्त ईआरओ, विधाय मेरठ शहर, राजनैतिक दलो के प्रतिनिधि सहित निर्वाचन कार्यालय संबंधित समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

जनजागरण अभियान चलाने का निर्णय

मेरठ। पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चा की जिला इकाई मेरठ की एक महत्वपूर्ण बैठक मोर्चा के अध्यक्ष कैप्टन कपिल शर्मा के आवास पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कैप्टन कपिल शर्मा ने की। बैठक में पश्चिम प्रदेश के निर्माण की आवश्यकता, मोर्चा के उद्देश्यों तथा इस मुहिम को जनपद के जन-जन तक पहुंचाने के संबंध में विस्तार से विचार-विमर्श किया गया।

करवा चौथ को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक

मवाना, । करवाचैथ पर्व को लेकर मवाना के सुभाष बाजार में रौनक बढ़ने लगी है। पर्व की तैयारियों के लिए महिलाएं बाजार पहुंचकर खरीदारी कर रही हैं। चूड़ियों, मिट्टी के करवा और पूजन सामग्री की दुकानों पर चहल-पहल दिखाई देने लगी है। महिलाएं अपनी



□ पति की लंबी उम्र के लिए रखेंगी निर्जला व्रत'

पसंद के अनुसार रंग-बिरंगी चूड़ियां, करवा और पूजा से जुड़ा अन्य सामान खरीद रही हैं। पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह नजर आ रहा है। करवाचैथ हिंदू धर्म का प्रमुख पारंपरिक पर्व है। इस दिन विवाहित महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और सुखी वैवाहिक जीवन की कामना के साथ निर्जला व्रत रखती हैं। परंपरा के अनुसार, महिलाएं सूर्योदय से पहले सरगी ग्रहण करती हैं और दिनभर व्रत रखकर शाम को विधि-विधान से पूजा-अर्चना करती हैं। रात में चंद्रमा के दर्शन कर अर्घ्य देने के बाद पति के हाथों जल ग्रहण कर व्रत का पारण करती हैं। पर्व पर सोलह शृंगार का भी विशेष महत्व है। महिलाएं नई साड़ी और आकर्षक परिधानों के साथ मेहंदी, बिंदी, सिंदूर और चूड़ियों से सजती-संवरती हैं। पूजा के लिए करवा, दीपक, छलनी सहित अन्य आवश्यक सामग्री की खरीदारी भी की जा रही है। सुभाष बाजार में महिलाओं की आवाजाही बढ़ने से दुकानदारों में भी पर्व को लेकर उत्साह है। बाजार में करवाचौथ की पारंपरिक छटा दिखाई देने लगी है। यह पर्व पति-पत्नी के प्रेम, विश्वास और आपसी समर्पण का प्रतीक माना जाता है। भारतीय संस्कृति से जुड़ी यह परंपरा आज भी लोगों के बीच विशेष महत्व रखती है।

विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने बनाई कार्यसमिति

अमेठी, । उत्तर प्रदेश में चार महीने बाद विधानसभा चुनाव होना हैं। जिससे भाजपा संगठन को चाक चौबंद करने में जुटी है। चुनाव के पहले भाजपा कार्यसमिति की घोषणा हो गई है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, मुरली मनोहर जोशी, स्मृति ईरानी, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक,उप मुख्यमंत्री केशव मौर्य, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह आदि बड़े बड़े चेहरे भाजपा कार्यसमिति के सदस्य बनाए गए हैं। जिससे देश में सबसे ज्यादा ताकतवर भाजपा कार्यसमिति बन गई है। उत्तर प्रदेश की भाजपा कार्यसमिति में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक का नाम है। इसके बाद देश के सबसे ज्यादा लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ है। उत्तर प्रदेश में भाजपा तीसरी बार सत्ता में वापसी के लिए किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही बरतने को तैयार नही है। भाजपा मौजूदा विधायकों पर आंतरिक सर्वे भी करा चुकी है। आंतरिक सर्वे में सवा सौ से ज्यादा विधायकों के टिकट कटने की खबर है। इनके स्थान पर नए चेहरों को मौका दिया जाएगा। जिससे भाजपा की सीटें घटने के बजाय बढ़ सकें। विधानसभा चुनाव योगी आदित्यनाथ के चेहरे पर होगा। इस बार भाजपा का मुकाबला पीडीए से होगा। भाजपा किसी प्रकार की गुंजाइश छोड़ने को राजी नही है। टिकट का वितरण आंतरिक सर्वे के आधार पर होगा। भाई-भतीजावाद और चेहरे पर टिकट नही मिलेगा। पांच साल क्षेत्र में जनता के बीच रहने वाले लोगों की लाटरी खुलना तय मानी जा रही है। ऊपर से टिकट लेने वालों को मायूस होना पड़ेगा। भाजपा के एक बड़े नेता ने कहा कि जनता के बीच क्षेत्र में काम करने वाले नेताओं पर भाजपा की पैनी नजर है। सोशल मीडिया के युग में कौन क्या कर रहा है। सबका इतिहास भूगोल भाजपा को पता है। हर एक विधानसभा में भाजपा के दावेदार उम्मीदवारों की लंबी लंबी कतारें लगी है। इसलिए भाजपा आंतरिक सर्वे के आधार पर टिकट का वितरण करेंगी।

□ कार्यसमिति में शामिल मोदी, योगी, राजनाथ, जोशी, स्मृति, मोती और दोनों डिप्टी सीएम का नाम

नृत्य-संगीत से फैशन शो तक विद्यार्थियों ने बिखेरे रंग



मेरठ, । स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय, मेरठ में तीन दिवसीय वार्षिक सांस्कृतिक महोत्सव 'स्पंदन-2026' उत्साह, उमंग और सांस्कृतिक उल्लास के साथ आयोजित किया गया। महोत्सव में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के छात्र-छात्राओं ने नृत्य, गायन, चित्रकला, रंगोली, नुक्कड़ नाटक और फैशन शो सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। तीन दिनों तक परिसर में कला, संस्कृति, रचनात्मकता और युवा ऊर्जा का अनूठा संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य डॉ. हिमानी अग्रवाल, कुलपति प्रो. (डॉ.) वी.के. मित्तल, प्रो. पिंटू मिश्रा, प्रो. रविंद्र जैन, प्रो. अनोज राज, प्रो. एस.सी. तिवारी, प्रो. पंकज एवं प्रो. मनोज कपिल सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि डॉ. हिमानी अग्रवाल ने विद्यार्थियों को सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कुलपति प्रो. (डॉ.) वी.के. मित्तल ने कहा कि 'स्पंदन' जैसे आयोजन विद्यार्थियों में सकारात्मकता, आत्मविश्वास, टीम भावना और रचनात्मक सोच विकसित करने के साथ उनके सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

विनायक विद्यापीठ में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

मेरठ, । विनायक विद्यापीठ में विद्यार्थियों को रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आईटीएम स्किल एकेडमी ने कोटक महिंद्रा बैंक के लिए एक जॉइंट कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। चयन प्रक्रिया के दौरान विद्यार्थियों की योग्यता, संवाद कौशल, आत्मविश्वास एवं व्यक्तित्व का आकलन किया गया, जिसमें 12 विद्यार्थियों को अगले राउंड के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। इस उपलब्धि पर संस्थान के निदेशक इंजीनियर विकास कुमार ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान का उद्देश्य विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि प्रतिष्ठित कंपनियों के साथ कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव आयोजित होने से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने तथा अपने करियर को नई दिशा देने का अवसर मिलता है। संस्थान की प्राचार्य डॉ. अनुप्रिता शर्मा ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक दौर में विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक ज्ञान के साथ-साथ प्रभावी संचार कौशल, आत्मविश्वास और व्यावहारिक दक्षताएं भी अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने शॉर्टलिस्ट किए गए विद्यार्थियों को बधाई देते हुए आगामी चयन प्रक्रिया में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।



□ 12 विद्यार्थी अगले राउंड के लिए शॉर्टलिस्ट, संस्थान ने जताई प्रसन्नता

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 30वीं छमाही बैठक संपन्न

मेरठ, । नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (बैंक एवं बीमा), मेरठ की 30वीं छमाही बैठक केनरा बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय, जागृति विहार, गढ़ रोड में आयोजित हुई। बैठक में राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय के अधीन उत्तरी क्षेत्र-2, गाजियाबाद के उप-निदेशक (कार्यान्वयन) डॉ. छबिल कुमार मेहेर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समिति के अध्यक्ष केनरा बैंक के उप महाप्रबंधक एवं मेरठ क्षेत्र प्रमुख श्री विकास कुमार यादव की अध्यक्षता में यह बैठक संपन्न हुई। नगर स्थित विभिन्न बैंकों व बीमा कंपनियों के उच्चाधिकारी तथा राजभाषा अधिकारी भी इस अवसर पर मौजूद रहे।

डॉ. छबिल कुमार मेहेर ने बैंकों और बीमा कंपनियों में राजभाषा कार्यान्वयन की समीक्षा की तथा हिंदी के प्रयोग को बढ़ाने के लिए कार्यालयों को मार्गदर्शन दिया। अपने संबोधन में उन्होंने हिंदी को भारतीय संस्कृति और मूल्यों की संवाहिका बताते हुए कहा कि हिंदी हमें हमारी संस्कृति और मूल्यों से जोड़ती है। उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि वे आत्मावलोकन करें और दैनिक व्यवहार में हिंदी के सहज शब्दों का प्रयोग बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि जो शब्द हम व्यवहार में नहीं लाते, वे हमसे दूर हो जाते हैं। कई शब्द इसलिए खो गए हैं क्योंकि उनकी जगह अंग्रेजी शब्दों का प्रयोग किया जाने लगा है, जैसे विद्यालय की जगह स्कूल और जीवन की जगह लाइफ।



सुभारती के कुलपति के साथ उस्ताद कमाल साबरी का अकादमिक समझौता

मेरठ, । भारतीय शास्त्रीय संगीत की समृद्ध विरासत को संरक्षित करने और नई पीढ़ी तक पहुंचाने की दिशा में स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय ने महत्वपूर्ण पहल की है। विश्वविद्यालय में अब सारंगी वादन के डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट पाठ्यक्रम शुरू किए जाएंगे। फैकल्टी ऑफ फाइन आर्ट्स के परफॉर्मिंग आर्ट्स विभाग के अंतर्गत संचालित साबरी अकादमी ऑफ सारंगी के माध्यम से इन पाठ्यक्रमों का संचालन विश्वविख्यात सारंगी वादक उस्ताद कमाल साबरी के मार्गदर्शन में किया जाएगा। इस पहल से देश-विदेश के विद्यार्थियों को भारतीय शास्त्रीय संगीत के इस विशिष्ट वाद्ययंत्र को सीखने और उसमें दक्षता हासिल करने का अवसर मिलेगा।इस संबंध में सुभारती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) विनय कुमार मित्तल और विश्वविख्यात सारंगी वादक उस्ताद कमाल साबरी के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।



आयोजित *सीएक्सओ टॉक सीरीज के अंतर्गत शोभित विवि में मास्टर क्लास का आयोजन*

विद्यार्थियों को मिला व्यावहारिक ज्ञान और पेशेवर दृष्टिकोण

मेरठ, बदलते व्यावसायिक परिवेश में सफलता केवल किताबी ज्ञान और तकनीकी दक्षता तक सीमित नहीं है, बल्कि अनिश्चित परिस्थितियों में सही निर्णय लेने, तार्किक ढंग से सोचने और चुनौतियों के अनुरूप स्वयं को ढालने की क्षमता भी उतनी ही महत्त्वपूर्ण है। इसी दृष्टिकोण को केंद्र में रखते हुए शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ के स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज द्वारा विश्वविद्यालय की सतत शैक्षणिक पहल 'शोभित विश्वविद्यालय टॉक सीरीज' के अंतर्गत 'डिसीजन-मेकिंग अंडर अनसर्टेन्टी' विषय पर एक विशेष मास्टर क्लास आयोजित की गई।

अनिश्चित परिस्थितियों में सही निर्णय लेना ही सफलता की कुंजी: तान्या गुप्ता

यह सीएक्सओ टॉक सीरीज विश्वविद्यालय की एक निरंतर चलने वाली महत्वपूर्ण पहल है, जिसका उद्देश्य उद्योग जगत के अनुभवी विशेषज्ञों, नेतृत्वकर्ताओं और पेशेवरों को विद्यार्थियों के साथ जोड़कर अकादमिक ज्ञान तथा व्यावहारिक अनुभव के बीच सार्थक सेतु स्थापित करना है। इस पहल के माध्यम से विद्यार्थियों को उद्योग की वास्तविक चुनौतियों, नेतृत्व के दृष्टिकोण और बदलते कार्यक्षेत्र की आवश्यकताओं को समझने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में प्रौद्योगिकी एवं व्यावसायिक प्रबंधन के क्षेत्र की अनुभवी विशेषज्ञ सुश्री तान्या गुप्ता, सीनियर टेक्निकल बिजनेस एनालिस्ट, प्रोडक्ट ओनर, लेखिका, वक्ता एवं मेंटर ने विद्यार्थियों के साथ अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि वास्तविक पेशेवर जीवन में कई बार निर्णय लेने के लिए सभी आवश्यक जानकारियाँ उपलब्ध नहीं होतीं। ऐसी परिस्थितियों में तथ्यों का विश्लेषण, तार्किक चिंतन, संभावित जोखिमों का आकलन और उपलब्ध विकल्पों की समीक्षा प्रभावी निर्णय लेने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का संचालन डॉ. नेहा यजुर्वेदी द्वारा किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के निदेशकगण एवं संकाय सदस्य उपस्थित रहे। प्रमुख उपस्थितजनों में डॉ. नेहा वशिष्ठ, निदेशक, आउटरीचय डॉ. संदीप कुमार, निदेशक, कंप्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग विभागय डॉ. प्रियंका शर्मायय राधाय डॉ. प्रीति गर्गय डॉ. नवनीश त्यागी तथा डॉ. एवगेनिया सहित अन्य संकाय सदस्य शामिल रहे।



ऐंची खुर्द में पेड़ काटने के विरोध पर मां-बेटे से मारपीट

मवाना, 28 अक्टूबर (देशबन्धु)। परीक्षितगढ़ क्षेत्र के ऐंचीखुर्द में कुछ दबंगों ने एक किसान के आम, शहतूत और बेलपत्र के पेड़ काट दिए। मौके पर पहुंचे किसान की पत्नी और पुत्र ने विरोध किया तो आरोपियों ने उन पर धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। घटना के बाद थाना पहुंचे पीड़ितों ने आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए भेजा है। ओमप्रकाश पुत्र मंगूसिंह निवासी ऐंचीखुर्द ने बताया कि उसके खेत की मेंढ पर आम, शहतूत और बेलपत्र के पेड़ खड़े थे। जिन्हें पड़ोसी दबंगों अंकित पुत्र महाराज सिंह अंकुर व अंशुल पुत्र राजेंद्र और निशू पुत्र चैंपियन ने काट दिए। मौके पर पहुंची ओमप्रकाश की पत्नी ऊषा, पुत्र क्रिश ने विरोध किया तो आरोपियों ने अपने परिजनों चैंपियन, राजेंद्र और महाराज सिंह पुत्र नत्थू संग मिलकर मां-बेटों पर (दाऊ) धारदार हथियार से हमला कर दिया। जिसमें ऊषा कंधे में और क्रिश हाथ में दाऊ लगने से घायल हो गए।